04 मार्च 2025
मंगलवार

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बजट : बिहार में किसानों की समृद्धि के लिए एनडीए ने खोला खजाना





## बिहार का बजटः डिप्टी सीएम सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने पेश किया 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये का बजट

# सभी बड़े अनुमंडल में खुलेंगे रेफरल अस्पताल

- एससी एसटी की छात्रवृत्ति दोगुनी होगी, प्रत्येक प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम बनेंगे, साइबर अपराध रोकने के लिए डेटा सेंटर बनाये जाएंगे

### पिछले वित्तीय वर्ष से 38000 करोड़ अधिक है इस बार का बजट, प्रमुख शहरों में काम करने वाली महिलाओं के लिए छात्रावास बनाने का ऐलान

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन डिप्टी सीएम सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। विधानसभा चुनाव से पहले यह नीतीश सरकार का आखिरी बजट है। सम्राट चौधरी ने 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया है, जोकि पिछले वित्तीय वर्ष से 38000 करोड़ अधिक है। वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि राज्य में सबसे ज्यादा कैंसर का मामला बेगूसराय जिले से आ रहा है इसलिए यहां एक कैंसर अस्पताल बनाया जाएगा। इसके अलावा राज्य के सभी 9 प्रमंडलों के मुख्य जिलों में 109 अस्पतालों का निर्माण कराया जायेगा। इससे बिहार में स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर में आमूलचूल परिवर्तन आएगा। पूर्णिया हवाईअड्डे का निर्माण जल्द शुरू होगा। सम्राट चौधरी ने अगले तीन माह के अंदर पूर्णिया एयरपोर्ट से हवाई जहाज उड़ाने भरने लगेगी। इसके साथ ही बिहार की सरकार ने फैसला किया है कि राजगीर में सुल्तानगंज और रक्सौल में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाए जाएंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि वाल्मिकीनगर, मुंगेर, सहरसा मुजफ्फरपुर में छोटे हवाई जहाजों के लिए फ्लाइट सेवा शुरू की जाएगी। बजट में किसान, युवा, अनुसूचित जाति और जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए विभिन्न प्रकार की घोषणाएं की गई हैं। इसके तहत एससी एसटी की छात्रवृत्ति दोगुनी होगी। प्रत्येक प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम बनेंगे। साइबर अपराध रोकने के लिए डेटा सेंटर बनाये जाएंगे।

**महिलाओं पर विशेष ध्यानः** बजट में महिलाओं पर पूरा ध्यान दिया गया है। ऐलान किया गया है कि प्रमुख शहरों में काम करने वाली महिलाओं के लिए छात्रावास बनाए जाएंगे। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी रिजर्वेशन मिलेगा। देश में सबसे ज्यादा महिला सिपाही बिहार में हैं, उनकी पोस्टिंग घर के पास करने की व्यवस्था कराई जाएगी। इसके अलावा, महिला चालकों को ई-रिक्शा और दो पहिया वाहन खरीदने के लिए नगर अनुदान का भी प्रावधान किया गया है। बड़े शहरों में महिलाओं के लिए ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर बनेंगे, जिसमें ट्रेनर्स भी महिलाएं होंगी। वहीं, सरकारी कन्या मंडप बनाए जाएंगे, जिसमें गरीब बेटियों की शादी कराई जाएगी। इतना ही नहीं, महिलाओं के लिए पिंक बस की शुरूआत भी होगी, जिसमें ड्राइवर और बस दोनों महिलाएं होंगी।



### कुल बजट का 19.24 फीसदी राशि शिक्षा पर होगी खर्च

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार अपने बजट में सबसे ज्यादा धन राशि शिक्षा पर खर्च कर रही है। कुल बजट का 19.24 फीसदी हिस्सा अकेले शिक्षा विभाग का है। इस वर्ष के बजट में शिक्षा विभाग का कुल बजट 60 हजार 964 करोड़ हुए है। वहीं बिहार में भले ही सबसे बड़ी आबादी खेती पर निर्भर हो लेकिन कृषि विभाग का कुल बजट मात्र 1.11 फीसदी है जो मात्र 3 हजार 528 करोड़ रुपए है। बजट 2025-26 में धनराशि के मामले में शीर्ष विभागों में शिक्षा 60 हजार 974 करोड़, स्वास्थ्य 20 हजार 335 करोड़, पथ निर्माण 17 हजार 908 करोड़, गृह विभाग 17 हजार 831 करोड़, ग्रामीण कार्य विकास 16 हजार 43 करोड़ और उर्जा विभाग 13 हजार 484 करोड़ रुपए का है। इसके अतिरिक्त शहरी विकास एवं आवास का बजट 11 हजार 982 करोड़, पंचायत राज का 11 हजार 302 करोड़, ग्रामीण कार्य का 11 हजार 101 करोड़ रुपए है। इसके अतिरिक्त सभी विभागों का बजटीय आवंटन 10 हजार करोड़ रुपए से कम है। सबसे कम 10.71 करोड़ का बजट संसदीय कार्य विभाग का है।

**ऋण उगाही से प्राप्त होंगे 55,737 करोड़ रुपये :** इस बजट के अनुसार, केंद्र सरकार से 1,38,515 करोड़ रुपए केंद्रीय करो में हिस्सेदारी के रूप में शामिल होगा। 55,737 करोड़ रुपये ऋण उगाही से हासिल होगा। वित्त मंत्री ने बताया कि राजकोषीय घाटा 2.98 प्रतिशत रहेगा। बजट में राजस्व बचत 8,831 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

### पिछड़ों के लिए स्कॉलरशिप की राशि दोगुनी करने का ऐलान

इस बार के बजट में शिक्षा विभाग पर 60974 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसमें 358 ब्लॉक में कॉलेज खोले जाएंगे। वहीं, पिछड़ों को दी जाने वाली स्कॉलरशिप दोगुनी किए जाने का ऐलान किया गया है। एससी/एसटी की छात्रवृत्ति भी दोगुनी होगी। स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए बजट में कई घोषणाएं

**बड़े अनुमंडलों में रेफरल अस्पताल खोलने का ऐलानः** बिहार बजट 2025 में बड़े अनुमंडलों में रेफरल अस्पताल खोलने का ऐलान किया गया है। इसके अलावा 108 नगर चिकित्सा सुविधा केंद्र खोले जाएंगे। सभी प्रमंडलों में कैंसर अस्पताल खुलेंगे। बिहार के प्रमुख शहरों में पीपीडी मोड आधारित मेडिकल कॉलेज खुलेंगे और बिहार कैंसर सोसाइटी की भी स्थापना की जाएगी। बेगूसराय में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज हैं, इसलिए वहां कैंसर अस्पताल बनाया जाएगा।

**बजट में खेल के लिए प्रावधानः** बिहार के सभी प्रमंडलों में खेल संरचना का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। हर प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम को भी स्वीकृति दी जाएगी। बिहार सरकार ने स्कॉलरशिप की राशि एक हजार से बढ़ाकर दो हजार रुपये प्रति माह कर दिया है। राज्य के सभी निबंधन कार्यालय पूर्णतः पेपरलेस होंगे। देश या देश के बाहर रहने वाले व्यक्तियों की ओर से ऑनलाइन निबंधन किया जा सकेगा। प्रत्येक पंचायत में गरीब कन्याओं के विवाह हेतु सरकार द्वारा चरणबद्ध तौर पर कन्या विवाह मण्डप का निर्माण कराया जाएगा ताकि बहुत कम शुल्क पर विवाह भवन एवं विवाह से संबंधित सभी सुविधायें उपलब्ध हो सकें।

### 7 बड़े शहरों में एयरपोर्ट को विकसित करेगी सरकार

भागलपुर, वाल्मीकिनगर, वीरपुर (सुपौल), मधुबनी, मुंगेर और सहरसा हवाई अड्डा के साथ-साथ मुजफ्फरपुर हवाई अड्डा को उड़ान योजना के तहत विकसित किया जाएगा। ये सभी योजनाएं बिहार में हवाई संपर्कता को मजबूती प्रदान करेगी और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। नीतीश सरकार ग्रामीण सड़कों पर 15 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च करेगी। हर जिले में आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण कराया जाएगा। नहर के किनारे सोलर प्लांट लगेंगे। होम स्टे योजना को बढ़ावा दिया जायेगा, महिला गाइड बहाल होंगी। वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए बिहार क्लीन एयर ट्रांसफॉरमोशन का निर्माण होगा। इसपर 1 करोड़ की लागत आएगी। इससे हवा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

**कृषि उत्पादन बाजार समिति को फिर से चालू किया जाएगा :** किसानों की आय बढ़ाने और सरकार द्वारा एमएसपी पर दालों की खरीद को लेकर भी ऐलान किया गया है। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार कृषि उत्पादन बाजार समिति को फिर से चालू किया जाएगा। सरकार ने निर्णय लिया है कि नाबार्ड से 1289 करोड़ का से लोन लेकर राज्य के 21 जिलों में बाजार समिति को पूनर्जीवित किया जाएगा। कालक्रम में सरकार सभी 38 जिलों में बाजार समिति सुचारु रूप से संचालित किया जाएगा।

जल्द ही पटना में जिम ऑन व्हील्स की शुरूआत होने जा रही है। यह एक मोबाइल जिम होगा, जो शहर के अलग-अलग इलाकों में घूमकर महिलाओं को फिटनेस की ट्रेनिंग देगा।

### वित्त मंत्री के बजट की प्रमुख घोषणाएं

- बाजार समितियों को सशक्त किया जाएगा
- प्रखंड स्तर पर सब्जी बेचने के स्टॉल खोले जाएंगे
- सभी प्रखंडों में तरकारी उत्पादन समिति का गठन किया जाएगा
- पटना में महिला हाट खोले जाएंगे
- गरीब कन्याओं की शादी के लिए विवाह मंडप का निर्माण किया जाएगा
- महिलाओं के लिए जिम खोली जाएगी, जिसमें महिला ट्रेनर्स की भी मौजूदगी होगी
- महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की स्थापना की जाएगी
- राज्य सरकार कंपनियों से कंप्रेस बायोगैस प्लांट की स्थापना करवाएगी
- राज्य में दवा उत्पादन कंपनियों के लिए प्रोत्साहन नीति बनेगी
- राज्य के प्रमुख शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास की स्थापना करवाई जाएगी
- प्रवासी बिहारियों के लिए देश के कई शहरों में हेल्प सेंटर की स्थापना की जाएगी।
- महिला सिपाहियों को सरकार किराए पर आवास लेकर थाने के आसपास देगी

### वित्त मंत्री के बजट की प्रमुख घोषणाएं

- प्राइवेट मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी
- बिहार में 108 नगर चिकित्सा केंद्र खुलेंगे, कैंसर रोगियों के लिए विशेष केयर सेंटर बनाए जाएंगे
- बेगूसराय में कैंसर अस्पताल बनवाया जाएगा
- ज्यादा पिछड़े स्टूडेंट्स के लिए स्कॉलरशिप दर को दोगुना किया जाएगा
- एसी एसटी और पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्ग की प्रोत्साहन राशि को दोगुना किया जाएगा
- राज्य के प्रमुख शहरों में महिलाओं के लिए पिंक बस सर्विस शुरू की जाएगी, इसमें ड्राइवर, कंडक्टर सभी महिला होंगी
- महिला पर्यटक गाइड की नियुक्ति की जाएगी
- महिलाओं को ई-रिक्शा खरीदने के लिए मदद राशि दी जाएगी
- छठ पूजा के लिए होम स्टे की सुविधा के लिए सरकार मदद देगी
- पूर्णिया एयरपोर्ट का निर्माण जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा, अगले तीन महीने में फ्लाइट्स सर्विस शुरू होगी
- राजगीर, सुल्तानगंज और रक्सौल में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनवाए जाएंगे

### सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास बहुत महत्वपूर्ण

बिहार का बजट पेश करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि समृद्ध और सशक्त भारत निर्माण के लिए निर्धारित किये गये विजन-2047 के साथ-साथ समृद्ध बिहार की परिकल्पना को साकार करने के हमारे प्रयासों को द्रुत गति प्रदान करने के उद्देश्य से आज में बिहार सरकार का बजट प्रस्तुत कर रहा हूँ। आप अवगत हैं कि वर्षों की अराजकता के बाद राज्य को विकास के पथ पर लाने हेतु पिछले लगभग दो दशकों से नीतीश सरकार ने सफलतापूर्वक प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि आज बिहार के विकास के लिए हमारे प्रयासों को राज्य की जनता ने जनसमर्थन देकर सराहा है। इसके लिए हम उनका अभिनन्दन करते हैं। साथ ही, हमें अहसास है कि हमारी सरकार द्वारा वर्षों के अथक प्रयास से तैयार किए गए राज्य के विकास के लिए जरूरी मजबूत ढांचा के आधार पर नये बिहार के निर्माण के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। इसके लिए हमारे साथ आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व की शक्ति एवं दृष्टि है, जो हमारे लिए विकसित बिहार की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रेरणा का कार्य करती है।

**वित्त मंत्री ने पीएम मोदी के मंत्र को दोहरायाः** उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के हमारे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास बहुत महत्वपूर्ण है। साथ ही, नीतीश कुमार का संकल्प न्याय के साथ विकास हमारे लिए प्रेरणादायी शक्ति का कार्य करती है। एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की वर्तमान सरकार राज्य के विकास के लिए राज्य सरकार के साथ सहयोग कर रही है, वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य की सरकार ने अपने राजकोषीय संसाधनों के अतिरिक्त केन्द्र की सरकार से मिल रहे सहयोग को भी राज्य के विकास के लिए एक सुव्यवस्थित तरीके से उपयोग में लाया है।

वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि सीमांचल क्षेत्र के पूर्णिया से आगामी तीन महीने में विमान सेवा शुरू हो जाएगी। इसके लिए तेज गति से काम चल रहा है। तीन महीने सभी कार्यों को पूर्ण करते हुए हवाई जहाज उड़ने लगेंगे। इसके अलावे रक्सौल में ग्रीन एयरपोर्ट के साथ सात शहरों से जल्द ही हवाई अड्डा स्थापित किया जाएगा। इन शहरों से विमान सेवा शुरू करने को लेकर डबल इंजन की सरकार कृतसंकल्पित है। इसमें केंद्र सरकार का भी सहयोग मिल रहा है। बजट में किसानों और महिलाओं किसानों पर विशेष तौर पर फोकस किया गया है।

## राम मंदिर पर हमले की साजिश का पदार्फाश

**एजेंसी/फरीदाबाद**

गुजरात एटीएस और फरीदाबाद एटीएस ने गिरफ्तार एक आतंकी से पूछताछ के बाद राम मंदिर पर आतंकी हमले का पदार्फाश किया है। फरीदाबाद से पकड़े गए आतंकी की निशानदेही पर सुरक्षा एजेंसियों ने दो ग्रेनेड बरामद किए हैं, जो खंडहर में छिपाए गए थे। आईबी के साथ मिलकर सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार को फरीदाबाद से आतंकी अब्दुल रहमान गिरफ्तार था। गुजरात एटीएस ने आतंकी की तस्वीर भी जारी की है।

जानकारी के मुताबिक उसे राम मंदिर पर हमले के लिए आईएसआई ने ट्रेंड किया था। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की तरफ से उसे दो हैंड ग्रेनेड दिए गए थे, जिसे वह अयोध्या लेकर जाना चाहता था। उसने ये ग्रेनेड एक खंडहर में छिपाए थे। उसके बास से कई संदिग्ध वीडियो भी मिले हैं, जिसमें देश के बड़े धार्मिक स्थलों के बारे में जानकारी थी। पकड़े गए आतंकी की उम्र महज 19 साल है। आरोपी अब्दुल रहमान पेशे से गोश्त विक्रेता है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक उसे दो ग्रेनेड आईएसआई के हैंडलर ने दिए थे। भारत की सुरक्षा एजेंसी एनआईए और गुजरात एटीएस की सूचना पर यह कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक जमातों में अब्दुल रहमान का आना-जाना था। अयोध्या के मिल्कीपुर का रहने वाले रहमान फरीदाबाद के पाली में शंकर के नाम से छिपा था। वह यहां एक ट्यूबवेल के कोठरे में रहता था, जिसकी मालिक की कुछ दिन पहले मौत हो गई थी। इसे गुजरात एटीएस की बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है।

## स्कूलों में स्टूडेंट्स को स्मार्टफोन लेकर जाने पर प्रतिबंध नहीं लगा सकतेः कोर्ट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि स्कूलों में स्टूडेंट्स को स्मार्टफोन लेकर जाने पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है। कोर्ट ने स्कूलों में फोन लेकर जाने के दिशा-निर्देश भी तय किए हैं। कोर्ट ने कहा कि स्कूल छात्रों के स्मार्ट फोन की निगरानी कर सकते हैं। कोर्ट केंद्रीय विद्यालय के एक नाबालिग छात्र के द्वारा स्कूल में स्मार्टफोन के दुरुपयोग मामले की सुनवाई के दौरान ये आदेश दिए। स्कूलों में स्मार्टफोन के मामले में कोर्ट ने कई दिशा-निर्देश भी तय किए। दिल्ली हाईकोर्ट ने रेखांकित किया है कि स्कूली छात्रों द्वारा स्मार्टफोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना अवांछनीय और अव्यवहारिक दृष्टिकोण है। फैसले में कोर्ट ने छात्रों द्वारा स्मार्टफोन के उपयोग के लिए नीति तैयार करने के लिए स्कूलों को मार्गदर्शन देने के लिए नियम भी निर्धारित किए।




### झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने सदन में पेश किया अपनी दूसरी पारी का पहला बजट

## झारखंड में पांच नए लॉ यूनिवर्सिटी की स्थापना की घोषणा

**एजेंसी/रांची**

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने अपनी दूसरी पारी का पहला बजट (वित्तीय वर्ष-2025-26) सदन में पेश किया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड का अबुआ बजट सदन के पटल पर रखा। बजट में सरकार का फोकस कल्याणकारी योजनाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर रहा। एक लाख पैंतालीस हजार चार सौ करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्तमान में हमारी सरकार उन योजनाओं को प्राथमिकता दे रही है जो बिल्कुल जनहित से जुड़ी हुई है। 22 हजार 23 करोड़ 33 लाख 85 हजार रुपए सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रावधान किये गए हैं। लगभग नौ हजार करोड़ ग्रामीण विकास के



लिए रखा गया है। मईंया सम्मान योजना के लिए 13 हजार 363 करोड़ 36 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना में 18 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह दिये जाते हैं। वन विभाग के लिए एक हजार, तीन सौ इक्कासी करोड़ 99 लाख 39 हजार रुपए का प्रावधान है।

नागर विमानन हेतु 115 करोड़ 19 लाख 37000 का बजट प्रस्तावित है। पथ निर्माण विभाग के लिए 5900 करोड़ 89लाख 28हजार रुपए का बजट और पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए पेंशन कोष के लिए 832 करोड़ रुपये का प्रावधान करने का प्रस्ताव दिया गया है। ग्रामीण कार्य के लिए 4 हजार 576करोड़ 30 लाख 73 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है जबकि राजस्व व्यय के लिए 1,10,636 करोड़ रुपए प्रस्तावित है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के लिए 2 हजार 863 करोड़ 49 लाख 22 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के लिए 9 हजार 916 करोड़ 94 लाख और श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के लिए 1हजार 85 करोड़ 74 लाख 46 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है। योजना एवं विकास विभाग का कुल बजट 91 हजार 741 करोड़ 52 लाख रुपये किया गया है। अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2025 -26 में 3 हजार 384करोड़ 45 लाख 97 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है। दस फ्लाईओवर बनाए जाने का प्रस्ताव है। कुल पांच नए लॉ यूनिवर्सिटी की स्थापना की घोषणा भी वित्त मंत्री ने की। वित्त मंत्री ने केंद्र सरकार के पस कथित तौर पर एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपए बकाये का मुद्दा उठाया। वित्त मंत्री ने कहा कि इसे हम लोग लेकर रहेंगे।

## सरकार अब एमएसपी पर दहलन की करेगी खरीद

# बजट : किसानों की समृद्धि के लिए एनडीए ने खोला खजाना



**केटी न्यूज/पटना**

नीतीश सरकार किसानों की आय को बढ़ाने पर भी फोकस किया है। सरकार अब एमएसपी पर दालों की खरीद करेगी। कसानों के लिए की गई प्रमुख घोषणाएं की गई है। जिनमें प्रमुख रूप से शामिल है कि राज्य के 21 कृषि उत्पादन बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास के लिए कुल 1,289 करोड़ रुपये की लागत पर योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है। अन्य सभी बाजार समिति प्रांगण को कार्यशील किया जायेगा । राज्य सरकार द्वारा नेशनल कोऑपरेटिव कन्ज्यूमर फेडरेशन, नेफेड इत्यादि से समन्वय कर अरहर, मूंग, उड़द इत्यादि का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करते हुए क्रय किया जायेगा। राज्य के सभी अनुमंडलों एवं सभी प्रखंडों में कोल्ड स्टोरेज की स्थापना चरणबद्ध रूप से की जायेगी। प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति के उत्पाद को उचित मूल्य एवं विपणन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन फेडरेशन द्वारा सुधा के तर्ज पर संयुक्त रूप से राज्य के सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तर पर तरकारी सुधा आउटलेट खोला जायेगा। वर्तमान में बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन फेडरेशन के तहत कुल तीन संघों के अधीन अब तक कुल 302 प्रखंड स्तरीय प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया जा चुका है। आगामी वित्तीय वर्ष में राज्य के शेष सभी प्रखंडों में प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया जायेगा और संघ से संबद्ध किया जायेगा । किसानों की आय में वृद्धि, पर्यावरणीय स्थिरता के साथ सतत औद्योगिक विकास और संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने तथा राज्य में रोजगार के नये अवसर विकसित करने के उद्देश्य से बिहार खाद्य प्रसंस्करण नीति, 2025 लाई जाएगी। बिहार में खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्यमों के लिए वृहत संभावना है, जिसको बढ़ावा देने में यह नीति मील का पत्थर साबित होगी। इससे राज्य में उपलब्ध कृषि उत्पादों आधारित इनपुट के लिए किसानों को अच्छा मूल्य प्राप्त हो सकेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। साथ ही, इन उत्पादों के आधार पर होने वाले मूल्य संवर्द्धन की प्रक्रिया में रोजगार के कई अवसर भी सृजित होंगे।

## सांसद, मेयर और भाजपा विधायक का लापता का लगा पोस्टर


**गया।** सांसद, नगर निगम के मेयर और भाजपा विधायक शहर से लापता हो गये हैं। इस बात की जानकारी लोगों को तब हुई जब जगह-जगह पर उनके लापता होने के पोस्टर दिखने लगे। शहर में पहली बार किसी जनप्रतिनिधि के लापता होने के पोस्टर सार्वजनिक रूप से लगाए गए हैं। गया जिले के सांसद, नगर निगम के मेयर और वजीरगंज विधानसभा के भाजपा विधायक के खिलाफ अनोखा राजनीति शुरू हो गया है। गया में पहली बार किसी जनप्रतिनिधि के लापता होने के पोस्टर सार्वजनिक रूप से लगाए गए हैं। सोमवार को प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने गया नगर निगम के वार्ड 48 में मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, केंद्रीय मंत्री सह हम पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी और वजीरगंज के भाजपा विधायक वीरेंद्र सिंह के लापता होने के पोस्टर चिपकाए हैं। पोस्टर में चंदन कुमार रघुवंशी के हवाले से लिखा गया है कि जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के खिलाफ आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। मानपुर-सरवहदा रोड के कलाली मोड़ से सूर्य पोखरा तक लगभग एक किलोमीटर नाली का निर्माण नहीं हुआ है। घरों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। वहां की सड़कें जर्जर हो गई है। स्थानीय लोगों का जीवन जीना मुश्किल हो गया है। स्थानीय पार्षद और सामाजिक कार्यकताओं ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या की जानकारी दी थी। लेकिन इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# तेजस्वी ने बजट को बताया निराशाजनक कहा... जनता के साथ हुआ है बड़ा छलावा

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार के नए बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। तेजस्वी ने बिहार बजट को निराशाजनक बताते हुए इसे 'दिखावटी' और 'जनता के साथ छलावा' करार दिया। उन्होंने बजट में नई बातों का अभाव और पुरानी योजनाओं की पुनरावृत्ति पर चिंता जताई। तेजस्वी ने अपनी पार्टी द्वारा रखी गई मांगों को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगाया। तेजस्वी यादव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसमें कोई नयापन नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ पुरानी बातें दोहरा रही है, जैसे कि चार घंटे में पटना पहु७चने का दावा, जबकि राज्य में पुल-पुलिया टूटने की समस्या बनी हुई है। तेजस्वी ने कहा, 'बजट में कुछ भी नया नहीं है। घिसी-पिटी बातों को ही बजट में शामिल किया गया है। वही पुरानी बातें हैं कि चार घंटे में पटना पहुंचा जा सकता है जबकि राज्य में पुल पुलियाओं के टूटने का दौर जारी है।' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उनकी पार्टी की ओर से की गई कई मांगों को अनदेखा किया है।




# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगी एनडीए सरकार : सम्राट

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बार-बार महिलाओं की स्थिति पर बात करते हैं। कभी वह सुरक्षा की बात करते हैं तो कभी उनके आत्मनिर्भर होने की। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में सीएम की इसी सोच को वित्त विभाग के मंत्री सम्राट चौधरी ने दिखाया। सम्राट ने सीएम के विजन की चर्चा करते हुए बताया कि कैसे अब राज्य के सभी प्रमुख शहरों में महिलाओं के लिए पिंक बस चलाई जाएगी और पिंक बस में स्टाफ भी महिलाएं ही नियुक्त होंगी। सरकार महिलाओं को स्वरोजगार के लिए टू-थ्री व्हीलर खरीदने में अनुदान देने का एलान किया।

सरकार ने कामकाजी महिलाओं एवं महिला सिपाहियों के आवासन से लेकर गरीब लड़कियों की शादी तक में सुविधा देने की तैयारी बताई। इसके साथ ही पर्यटन के क्षेत्र में महिलाओं को अवसर देने के लिए छठ को धार्मिक पर्यटन से जोड़ने का भी एलान किया।चालक एवं कण्डक्टर के रूप में महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा तथा बिहार राज्य पथ परिवहन निगम से चालक, कण्डक्टर एवं डिपो मेन्टेनेंस स्टाफ के पदों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की जायेगी। महिला स्व-रोजगार को बढ़ावा देने हेतु महिला चालकों को ई-रिक्शा एवं दो पहिया वाहन के व्यावसायिक परिचालन हेतु क्रय करने पर नगद अनुदान का प्रावधान किया जाएगा। राज्य के प्रमुख शहरों में महिला वाहन परिचालन प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जाएगी। जिसमें प्रशिक्षक भी महिलाएं होंगी। राज्य के प्रत्येक पंचायत में गरीब कन्याओं के विवाह हेतु राज्य सरकार के द्वारा चरणबद्ध तौर पर कन्या विवाह मण्डप का निर्माण कराया जाएगा ताकि बहुत ही कम शुल्क पर विवाह भवन एवं विवाह से संबंधित सभी सुविधायें उपलब्ध हो सकें तथा इसका संचालन भी महिला स्वयं समूहों द्वारा ही कराया जायेगा। पटना में महिला हाट की स्थापना की जाएगी एवं अन्य सभी बड़े शहरों में स्थापित व्यापार स्थल में महिलाओं के लिए स्थल को कर्णांकित किया जाएगा।राज्य के सभी शहरों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की स्थापना की जाएगी। प्रथम चरण में एक माह के अंदर 20 पिक टॉयलेट स्थापित किये जायेंगे। राज्य के प्रमुख शहरों मे कामकाजी महिलाओं को स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से कामकाजी महिला छात्रावास की स्थापना एवं संचालन हेतु पृथक नियमावली एवं कार्य योजना तैयार किया जाएगा। पर्व त्योहार विशेषकर महिलाओं द्वारा संचालित छठ पूजा के अवसर पर धार्मिक पर्यटन योजना की शुरूआत की जायेगी। इसमें होम स्टे को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव मदद प्रदान किया जाएगा। प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं को पर्यटन गाईड के रूप में प्रशिक्षित कर रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। महिला सिपाहियों को पदस्थापन थाने के आस-पास आवासन सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा किराये पर आवास लेकर आवासीय सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। देश के हर थाली तक पहुंचेगी। सूबे के किसानों की उपज बजट से पहले उपमुख्यमंत्री ने कही यह बात बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दूसरी बार कृषि मंत्री का कार्यभार संभाला। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, चाहे वह प्रत्यक्ष रूप से खेती से जुड़ा हो या फिर नहीं।




## दर्दनाक : सड़क हादसे में महिला समेत 2 की मौत, पांच घायल

**भागलपुर।** भागलपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें महिला समेत 2 लोगों की मौत और 5 गंभीर रूप से घायल है। सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। कजरैली-सजौर सड़क पर दराधी गांव के पास एक निजी कोचिंग सेंटर के आगे सुबह नौ बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से आ रही टोटो में टक्कर मार दिया। मृतक की पहचान परमेश्वर ठाकुर उम्र 40 वर्ष दरियापुर निवासी के रुप में हुई। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। परमेश्वर ठाकुर के परिजन शव को सड़क पर रखकर एसपी को बुलाने की मांग पर अडे हुए थे। स्थानीय ग्रामीण अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के परिचालन से काफी नाराज हैं।

# करणी सेना की बिहार विधानसभा चुनाव में एंट्री अध्यक्ष ने कहा... क्षत्रियों के साथ होता है धोखा

**केटी न्यूज/पूर्णिया**



पूर्णिया में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। सेना ने अपना 9वां स्थापना दिवस पूर्णिया में मनाया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शीला सुखदेव गोगामेड़ी ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टियां क्षत्रियों को टिकट देने में धोखा करती रही हैं। इसलिए करणी सेना बिहार चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारेगी। सेना हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर रहती है।

**राष्ट्रीय पार्टियों पर क्षत्रियों के साथ अन्याय का आरोप :** उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पार्टियां टिकट बंटवारे में क्षत्रियों के साथ हमेशा छल करती आई हैं। इसीलिए करणी सेना ने दिल्ली चुनाव में भी अपना उम्मीदवार उतारा था। अब बिहार विधानसभा चुनाव में भी पार्टी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारेगी। गोगामेड़ी ने यह भी कहा कि करणी सेना हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों के सेवा में लगी रहती है। करणी सेना ने 22 स्थानों पर स्थापना दिवस मनाया। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र कटार ने बताया कि देशभर के 22 स्थानों पर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसमें लोगों का काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर विक्रम सिंह ने पूर्णिया में आयोजित 9वें स्थापना दिवस समारोह को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी कार्यकताओं को बधाई दी। इस समारोह में करणी सेना के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस घोषणा से साफ है कि करणी सेना बिहार की राजनीति में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। देखना होगा कि आने वाले चुनाव में करणी सेना कितनी सीटों पर चुनाव लड़ती है और उसका प्रदर्शन कैसा




## बिहार सचिवालय स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में ऊर्जा ऑडिटोरियम में हुई प्रतियोगिता

# अखिल भारतीय असैनिक सेवा संगीत, नृत्य एवं लघु नाट्य प्रतियोगिता संपन्न

**केटी न्यूज/पटना**




बिहार सचिवालय स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड के तहत अखिल भारतीय असैनिक सेवा संगीत, नृत्य एवं लघु नाट्य प्रतियोगिता 2024-25 का समापन हुआ। यह आयोजन राजधानी पटना के राजवंशी नगर स्थित उर्जा ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन समारोह की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। राहुल कुमार ने गणेश वंदना के गान पर कथक कर पूरे हॉल को भक्ति मय बना दिया। आज के कार्यक्रम में कुल चार विधाओं में प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ। जिसमें सबसे पहले क्लासिकल डांस हुआ। इसमें कुल 11 प्रतिभागी थे। जिन्होंने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मुग्ध कर दिया। इसके बाद फोक डांस सोलो में प्रतिस्पर्धा हुआ, जिसमें कुल 17 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति मंच पर दी। इसके बाद अगला प्रतिस्पर्धा वेस्टर्न डांस का था, जिसमें कुल 14 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति से मंच के साथ ही पूरे हॉल को झूमा दिया। अंतिम प्रतिस्पर्धा फोक डांस ग्रुप का था इसमें कुल 15 टीमों ने हिस्सा लिया। जो देश के अलग-अलग राज्यों से आए थे। क्षेत्रीय वेशभूषा और रूप सजा के साथ जब कलाकारों का समूह फोक डांस के लिए मंच पर आए तो दर्शकों के बीच स्वाभाविक रूप से तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई देने लगी। दशकों ने अपने पसंदीदा टीम को तालिया के द्वारा खूब प्रोत्साहित किया। क्षेत्रीय संगीत, वेशभूषा और रूप सजा मिलकर हॉल को उसी क्षेत्र विशेष में तब्दील करता हुआ दिखा। सात दिन चली प्रतियोगिता में हर विधा से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों के नामों की घोषणा की गई। बाल अभिनेता लघु नाटक प्रतियोगिता में, शशि बाला (टीम सेंट्रल सेक्रेटिएट, दिल्ली) ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# सनातन धर्म की गौरवशाली संस्कृति व आध्यात्मिक विरासत का सम्मान जरूरी

♦ 23 को होगा माता अहिल्या धाम में सनातनी सम्मान समारोह का आयोजन

**केटी न्यूज/बक्सर**



23 मार्च को महर्षि विश्वामित्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे के नेतृत्व में माता अहिल्या धाम अहिरौली के प्रांगण में एक भव्य सनातनी सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह का उद्देश्य सनातन धर्म की गौरवशाली सांस्कृतिक व आध्यात्मिक विरासत का सम्मान करना है।

इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री चौबे ने कहा कि यह सम्मान समारोह न केवल हमारी आध्यात्मिक जड़ों को मजबूत बनाने का काम करेगा बल्कि सनातन धर्म की गौरवशाली संस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सम्मान देने का अवसर भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि विश्वामित्र फाउंडेशन का प्रयास सनातन धर्म के मूल्यों और परंपराओं को संरक्षित करने तथा इसके पुराने गौरव को फिर से लौटाने का है। इसी उदेश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बक्सर वही पवित्र भूमि है, जहां भगवान श्रीराम के चरणों की धूल से माता अहिल्या का उद्धार हुआ था। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने पत्थर बनी माता अहिल्या को श्राप से मुक्ति दिलाई थी। उन्होंने कहा कि बक्सर के आध्यात्मिक व पौराणिक महत्व की जड़े भी माता अहिल्या धाम से सिंचित हुआ है। स्वयं प्रभु श्रीराम भी यहां आए थे। इस कारण ही सनातनियों के सम्मान का यह कार्यक्रम इसी मंदिर परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए अशोक उपाध्याय ने बताया कि राजकुमार चौबे के मार्गदर्शन में सेवा दल के युवा स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यक्रम स्थल को स्वच्छ बना रहे हैं। स्थानीय युवाओं और लोगों में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह है। सम्मान समारोह के दिन हजारों सनातनी पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम में कपिल मुनि पांडेय, शिव शंकर उपाध्याय, हीरा पाठक, शंभू पंडित, अभय कुमार चौबे, दीप नारायण चौबे, अभिषेक चौबे, हेमंत चौबे, मुकेश, शोले, मनीष, भूलन, सनी देओल, सिद्धार्थ चौबे, राजवीर चौबे व अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### हादसा: मुगांव में करंट की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, पसरा मातम



**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के मुगांव गांव में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। घटना शाम करीब साढ़े चार बजे मुगांव अनुसूचित जाति बस्ती के प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित ट्रांसफार्मर के पास हुई। मृतक की पहचान मुगांव के स्व. श्यामनारायण राय के 42 वर्षीय पुत्र झब्बू राय के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीण उसे लेकर तत्काल नजदीक के अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही कोरानसराय पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी। मिली जानकारी के अनुसार झब्बू किसी काम से ट्रांसफार्मर के पास गया था। इसी दौरान वह ट्रांसफार्मर से निकले तार की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आस पास के लोगों ने जब उसे ट्रांसफार्मर के पास अचेतावस्था में देखा तो माजरा समझ शोर मचाते हुए उसके स्वजनों तथा ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद बिजली कंपनी को फोन कर लाईन कटवा उसे वहां से हटाया गया तथा पुलिस को इस घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। वहीं, घटना के बाद से मृतक के स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। कोरानसराय की प्रभारी थानाध्यक्ष ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर के रिक्त पदों पर प्रखंडों में तिथिवार होगी भर्ती, लगेगा कैंप



**बक्सर।** जिला नियोजन पदाधिकारी से प्राप्त सुचनानुसार प्रखंडवार सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के प्राप्त रिक्ति के विरुद्ध प्रखंडों में तिथिवार भर्ती कैम्प आयोजन विभिन्न प्रखंडों में किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी छह मार्च को डुमरांव प्रखंड परिसर, सात मार्च को ब्रह्मपुर प्रखंड परिसर, आठ मार्च को चौसा प्रखंड परिसर, 10 मार्च को राजपुर प्रखंड परिसर, 11 मार्च को इटाढी प्रखंड परिसर, 12 मार्च को चौगाई प्रखंड परिसर, 17 मार्च को नावानगर प्रखंड परिसर, 18 मार्च को संयुक्त श्रम भवन आईटीआई परिसर, 19 मार्च को सिमरी प्रखंड परिसर, 21 मार्च को चक्की प्रखंड परिसर एवं 24 मार्च को केसर प्रखंड परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित प्रखंड के बीडीओ से अनुमति प्राप्त करेंगे तथा उक्त शिविर में आवेदकों का चयन एसआईएस इन्डिया लिमिटेड के मापदंड के अनुसार की जाएगी। जिसमें चयनित अभ्यर्थियों का एक माह का आवसीय प्रशिक्षण एवं किट व सामग्री दी जाएगी। जिसका शुल्क अभ्यर्थियों को वहन करना होगा। जिला नियोजनालय निजी नियोजकों एवं अभ्यर्थियों के बीच मात्र समन्वय एवं सहयोग की भूमिका निर्वहन करती है।

## खबरें फटाफट

### युवक की पिटाई, दर्ज कराई प्राथमिकी

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के कोपवां गांव के नजदीक विवाद को लेकर एक युवक की पिटाई कर दी गयी। युवक कोपवां स्थित काली मंदिर से दर्शन-पूजन करके वापस मुंगांव लौट रहा था। इसी बीच मार्ग में मुंगांव के ही नितेश व नीरज कुमार सहित चार लोग वहां पहुंचे और पीड़ित की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। जिसे राहगीरों की मदद से अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज हुआ। पीड़ित युवक ओमप्रकाश राय का पुत्र धीरज कुमार बताया जाता है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### वार्ड नंबर 30 की नाली में मिला नवजात का शव

**डुमरांव।** शहर के वार्ड 30 में मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है। इस वार्ड के एक नाली में सोमवार की सुबह एक नवजात का शव पड़ा था। जानकारी मिलते ही मोहल्लेवासियों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद मोहल्ले में यह बात फैल गई। हालांकि, किसी ने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। स्थानीय लोगों ने बाद में शव को अपने स्तर से डिस्पोजल करा दिया। बहरहाल इस घटना की चर्चा वार्ड 30 सहित आस पास के क्षेत्रों में हो रही थी। लोग ऐसे जघन्य कृत्य को अंजाम देने वाली कलियुगी मां को भी कोस रहे थे।

## लंबे समय से चल रहा था खेल, पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी पुलिस

# पुलिस बनकर लूट ले रहे थे यूपी से आ रही शराब लदी गाड़ियां, पांच गिरफ्तार

♦ गुप्त सूचना पर पुलिस को मिली सफलता
♦ दो देशी कट्टा, दो कारतूस जब्त, शराब लदी ट्रक व कार बरामद
♦ कई अन्य भी हो सकते हैं शामिल

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर में फिल्मी स्टाईल में यूपी से तस्करी कर लाई जा रही शराब लदी गाड़ियों को फर्जी पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मी बन सुनियोजित तरीके से लूटने तथा उसे खपाने का धंधा चल रहा था। रविवार की रात गुप्त सूचना पर मुफस्सिल थाने की पुलिस ने उक्त गिरोह के पांच तस्करों को रंगेहाथ धर दबोचा है। उनके पास से शराब लदी ट्रक व कार के अलावे दो देशी कट्टा व दो कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस उनसे पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

जानकारों का कहना है कि लूटे जाने के बाद शराब तस्करों को जब इस बात की भनक लगी कि कोई गिरोह फर्जी पुलिस बन उनसे शराब लदी ट्रक लूट लिया है तो तस्करों ने ही इसकी सूचना मुफस्सिल थाने की पुलिस को दी, जिसके बाद गिरोह पुलिस के पकड़ में आया। बहरहाल फर्जी पुलिस बन शराब लदी गाड़ियों के सुनियोजित तरीके से लूटने की जानकारी के बाद से पुलिस विभाग सतर्क हो गया है।

जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थानो की पुलिस ने क्षेत्र के अखौरीपुर गोला और मोहनपुरवा के पास से रविवार की रात पुलिस ने 48 पेटी देशी शराब के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से एक ट्रक और एक कार को भी जब्त किया है। इसके अलावा, दो देशी कट्टे और दो कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार तस्करों की पहचान इटाढ़ी थाना के धर्मपुरा निवासी श्रीधर ओझा के पुत्र सतीश कुमार, राजपुर थाना के त्रिकालपुर निवासी भगवान चौहान के पुत्र रामप्रवेश चौहान, धर्मपुरा निवासी सुनील कुमार ओझा के पुत्र राघवकुमार ओझा, धनसोई थाना के चचरिया गांव निवासी उमेश कुमार पांडेय के पुत्र दीपक कुमार पांडेय और राजपुर थाना के जलहरा निवासी उमेशचन्द्र राय के पुत्र गौतम कुमार राय के रूप में हुई है।

**गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ जारी:** पुलिस का कहना है कि यह शराब तस्करों का एक बड़ा गिरोह हो सकता है, जो बिहार में शराबबंदी के बावजूद चोरी-छिपे शराब की तस्करी कर रहा था। सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ताकि उनके अन्य सहयोगियों का पता लगाया जा सकें। पुलिस ने इसे काफी गंभीरता से लिया है तथा पूरे गिरोह को पकड़ने के लिए छापेमारी अभियान चला रही है।

**शराबबंदी के बावजूद जारी है तस्करी :** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद शराब तस्करी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पुलिस प्रशासन इस पर कड़ी नजर रखे हुए है और लगातार अभियान चला रही है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सकें।

### ऐसे धराए अपराधी

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक और कार में भारी मात्रा में शराब की खेप लाई जा रही है। इस पर पुलिस ने चौसा-कोचस मार्ग पर चेकिंग अभियान शुरू किया। अखौरीपुर गोला और मोहनपुरवा के पास पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रक और कार को रोका। जब तलाशी ली गई तो ट्रक में 2159 टेट्रा पैक कुल 431.800 लीटर देशी शराब बरामद हुई।

### गायब हो गई थी आधी खेप

जानकारों का कहना है कि पुलिस को जबतक इसकी जानकारी मिलती तथा पुलिस टीम मौके पर पहुंचती तबतक फर्जी पुलिस बनने वाले गिरोह ने ट्रक से आधा से अधिक शराब की खेप को ठिकाने लगा चुके थे। जानकार बताते है कि यदि पुलिस थोड़ा विलंब और करती तो पूरा ट्रक खाली हो गया रहता तथा पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगता।

### अखौरीपुर गोला व मोहनपुरवा के बीच से हुई थी कार्रवाई

“ मुफस्सिल थाने में फर्जी पुलिसकर्मी बन यूपी से आ रही शराब लदी ट्रक को एक गिरोह द्वारा सुनियोजित तरीके से लूट लिया गया था। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल एक पुलिस टीम गठित कर छापेमारी करवाई गई। इस टीम ने अखौरीपुर गोला व मोहनपुरवा के बीच से लूटी गई शराब लदी ट्रक व एक कार के साथ गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो कट्टा व दो कारतूस बरामद हुआ है।

**- धीरज कुमार, डीएसपी, बक्सर सदर**

## विवाहिता की संदेहास्पद मौत मामले में मां ने दर्ज कराया हत्या का मामला

**केटी न्यूज/चौगाईं**

मुरार थाना क्षेत्र के वैदा गांव में संदेहास्पद परिस्थिति में नव विवाहिता निराशा देवी की मौत मामले में उसकी मां धर्मशीला देवी ने मुरार थाने में पति गोलू कुमार, ससुर सुशील सिंह, सास, गोतिनी, देवर, नाते रिश्तेदारों समेत कुलद 10 लोगों पर अपनी बेटी की सुनियोजित तरीके से हत्या का आरोप लगा एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर दर्ज होते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, घटना के बाद से ही ससुराल वाले फरार हो गए है।

बता दें कि रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी निराशा की शादी मुरार थाना क्षेत्र के वैदा गांव निवासी सुशील सिंह के पुत्र गोलू के साथ पकड़ौवा शादी हुई थी। जानकारी के अनुसार पूर्व में गुप्ता धाम जाने के दौरान गोलू व निराशा के बीच मुलाकात हुई थी, जो जल्दी ही प्रेम प्रसंग में बदल गया था।

इसी बीच 31 जनवरी को गोलू कुंभ जाने की बात कह अपनी प्रेमिका से मिलने दावथ पहुंच गया था, जहां लड़की पक्ष वालों ने जबरदस्ती उसकी मंदिर व बाद में रोहतास कोर्ट में शादी करा निराशा को उसके साथ विदा कर दिया था, लेकिन निराशा को अपने दरवाजे पर छोड़ गोलू फरार हो गया था। बाद में स्थानीय पुलिस के प्रयास से उसे घर में प्रवेश मिला था।

जानकारों का कहना था कि गोलू तथा उसके घरवालों को यह शादी मंजूर नहीं थी, जिस कारण सभी लोग निराशा को रास्ते से हटाने की साजिश किए तथा तय प्लान के अनुसार उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटका उसे आत्महत्या का रंग दे घर से फरार हो गए।

## ऑटो की छत के तहखाने से 216 लीटर शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**



शराब तस्करी पर रोकथाम के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है, बावजूद तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में, उत्पाद विभाग की पुलिस ने रविवार की रात वीर कुंवर सिंह गंगा पुल स्थित चेकपोस्ट पर चेकिंग के दौरान एक ऑटो से तस्करी की शराब बरामद की। ऑटो की छत में बने विशेष तहखाने में छिपाकर रखे गए 24 कार्टन में कुल 216 लीटर देशी मसालेदार शराब बरामद किया गया, पुलिस ने तस्करी के आरोप में ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

उत्पाद पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार तस्कर की पहचान बक्सर जिले के सोहनीपट्टी निवासी नबाब रजक का पुत्र मो. राज के रूप में की गई। जो यूपी के भरौली से शराब लेकर बक्सर आ रहा था। पुलिस ने शराब तस्करी में इस्तेमाल ऑटो को जब्त कर आरोपी से पूछताछ जारी है।

उत्पाद अधीक्षक प्रभारी आलोक कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान अन्य तस्करों के नेटवर्क का भी पता लगाया जा सकता है। विभाग लगातार शराब तस्करों पर नजर बनाए हुए है और आगे और सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।




## मनरेगा योजना के तहत बना रहे 97 पंचायतों में 112 खेल मैदानों की डीएम ने की समीक्षा

# 15 तक पूर्ण करें सभी खेल मैदान: डीएम

♦ सभी योजनाओं को इसी वित्तीय वर्ष 31 मार्च तक पूर्ण करने का दिया गया निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के ग्रामीण क्षेत्र के पंचायतों में मनरेगा योजना से खेल मैदानों का विकास किया जा रहा है। इस क्रम में बक्सर जिले के 97 पंचायतों में 112 खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है। जिनमें सात खेल मैदान 4 एकड़ तक, 36 खेल मैदान 115 एकड़ तक एवं 49 खेल मैदान एक एकड़ से कम भूमि पर बनायी जा रही है। वर्तमान में 15 पंचायतों के 15 खेल मैदान निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है।

समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने जिले के सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा को निर्देश दिया गया कि हरहाल में 15 मार्च तक सभी खेल मैदान पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। खेल मैदान के साथ मानव दिवस सृजन, मानव दिवस सृजन में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिलाओं की भागीदारी, जॉब कार्डधारियों का आधार सीडिंग एवं आधार कार्ड आधारित भुगतान, मजदूरों का ससमय मजदूरी भुगतान, मोबाईल एप से मजदूरों की उपस्थिति, कार्य पूर्णता, ग्रामीण हाट बाजार निर्माण ग्राम संगठन भवन, आंगनबाड़ी भवन, सतत जीविकोपार्जन योजना अन्तर्गत पशु शेड व बकरी शेड का निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के मजदूरी का भुगतान इत्यादि मनरेगा के संकेतकों पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा समीक्षा की गई एवं सभी योजनाओं को इसी वित्तीय वर्ष 31 मार्च तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

### इन अधिकारियों से मांगा गया स्पष्टीकरण

चार खेल मैदान प्रारंभ नहीं करने के लिए नावानगर के कार्यक्रम पदाधिकारी से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। वहीं, बकरी शेड व पशु शेड में असंतोषजनक प्रदर्शन करने हेतु डुमरांव एवं चौसा के कार्यक्रम पदाधिकारी से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, जीविका भवन निर्माण में भूमि हेतु संबंधित अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित नहीं करने हेतु कार्यक्रम पदाधिकारी चौगाईं एवं चौसा से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त बक्सर, निदेशक डीआरडीए बक्सर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा समेत सभी कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड/पंचायत स्तरीय मनरेगा के कर्मी परस्थित थे।



## मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के बाद डीएम ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी जानकारी

# राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री की घोषणा की रिकॉर्ड समय में दी स्वीकृतिः जिलाधिकारी

- जिले के विभिन्न इलाकों में सभी 12 योजनाओं के लिए स्वीकृत हो गई है राशि
- 25 फरवरी तक प्रदान कर दी गई है सभी योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति

केटी न्यूज/बक्सर

जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रगति यात्रा 2025 से संबंधित प्रेस वार्ता समाहरणालय परिसर स्थित सभागार में आयोजित की गई।

प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 15 फरवरी को प्रगति यात्रा के तहत जिले के सिमरी प्रखंड के केशोपुर व परसनपाह पंचायत में आए थे। इस दौरान कुल 12 योजनाओं की घोषणा की गई थी। राज्य सरकार ने सभी योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति रिकॉर्ड समय में 25 फरवरी तक प्रदान कर दी है।

डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बक्सर जिला की प्रगति के लिए कुल 12 योजनाओं के लिए एक हजार दो सौ चौबीस करोड़ उन्तालीस लाख ग्यारह हजार आठ सौ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

**20495.64 लाख रुपए से मलई बराज समेत सिंचाई योजनाएं होंगी पूरी :** प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि जिले में सिंचाई की समस्या को दूर करने के लिए मलई बराज योजना के द्वितीय पुनरीक्षित का निर्माण कार्य के लिए कुल दो सौ चार करोड़ पंचानबे लाख चौसठ हजार रुपए मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। सोन नहर प्रणाली अन्तर्गत केसठ-03 वितरणी एवं भोजपुर वितरणी, अंतिम छोर पर स्थित रहने के कारण सिंचाई के समय जलस्राव का अभाव होता है। बक्सर जिले के चौंगाई, ब्रह्मपुर, केसठ, नावानगर क्षेत्र के सिंचाई क्षेत्र में किसानों को कठिनाई होती है।



### योजनावार प्रशासनिक स्तर पर मिली स्वीकृति

जिन योजनाओं की स्वीकृति मिलने के साथ ही राशि निर्गत की गई है उनमें बक्सर गोलबंर से ज्योति चौक भाया बस स्टैंड पथ के चौड़ीकरण 4-लेन एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 41 करोड़ 52 लाख 98 हजार 500 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। डीएम ने बताया कि बक्सर शहर को एनएच 922 से जोड़ने के लिए यह एक मात्र पथ है।, वर्तमान में ज्योति चौक से बक्सर गोलबंर पथ संकीर्ण होने के कारण शहर में प्रतिदिन जाम की समस्या उत्पन्न हो जा रही है। सरकार के इस निर्णय से बक्सर के शहरी क्षेत्र में जाम की समस्या का निदान होगा। बक्सर में रामरेखा घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा में सुगमता एवं सुविधा मिलेगी। स्थानीय क्षेत्र का विकास एवं पर्यटन में बढ़ोतरी होगी।



### कोईलवर तटबंध के सुदृढ़ीकरण में खर्च होंगे 18126.863 लाख रुपए

डीएम ने बताया कि बक्सर-कोईलवर गंगा तटबंध के शुरूआत से 51.72 किमी तक के बीच तटबंध के सुदृढ़ीकरण, कालीकरण तथा सुरक्षात्मक कार्य के लिए कुल एक सौ इक्यासी करोड़ छब्बीस लाख छियासी हजार तीन सौ रुपए मात्र खर्च किए जाएंगे, इसकी प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल गई है। उन्होंने बताया कि गंगा नदी के किनारे तटबंध में प्रायः कटाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। सरकार के इस निर्णय से तटबंध के सुदृढ़ीकरण एवं मजबूतीकरण से बाढ़ के दिनों में कटाव से सुरक्षा प्राप्त होगा तथा सिमरी, चक्की एवं ब्रह्मपुर प्रखण्ड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आपदा के दौरान राहत पहुंचाने में उपयोगी साबित होगा। वहीं, बक्सर जिले के दूरस्थ तटबंध वाले इलाके जैसे उमरपुर, केशोपुर, गंगौली, जवही, अमौर आदि को जिला मुख्यालय से सीधी संपर्कता प्रदान होगी। तटबंध के किनारे रहने वाले क्षेत्र का व्यवसायिक विकास होगा। बक्सर से डुमरांव अनुमंडल जाने हेतु एक सुगम वैकल्पिक मार्ग भी मिल जाएगा।

**आईटीआई मैदान में होगा स्टेडियम निर्माण :** डीएम ने बताया कि आईटीआई मैदान में स्टेडियम निर्माण के लिए कुल 4338.14 लाख (तैतालीस करोड़ अड़तीस लाख चौदह हजार रुपए) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। सरकार के इस निर्णय से स्टेडियम निर्माण से स्थानीय युवाओं को खेल के विभिन्न आयामों में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही सेना भर्ती, पुलिस भर्ती, गृहरक्षक, रेलवे आदि भर्ती में शारीरिक दक्षता परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों को प्रैक्टिस करने हेतु एक उपयुक्त स्थान प्राप्त होगा।

**डुमरांव में स्थापित होगा उस्तद बिस्मिल्लाह खां संगीत महाविद्यालय :** डुमरांव में भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां संगीत महाविद्यालय की स्थापना के लिए कुल चौदह करोड़ बावन लाख पन्द्रह हजार रुपए मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। बिहार राज्य में संगीत के क्षेत्र में यह प्रथम कॉलेज की स्थापना होगी, जिससे बिहार एवं अन्य राज्यों के युवाओं को सुनहरा अवसर मिलेगा।

**ब्रह्मपुर में मंदिर मार्ग का होगा चौड़ीकरण :** डीएम ने बताया कि एनएच 922 से प्रखंड कार्यालय ब्रह्मपुर तक पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए उन्नीस करोड़ चौहतर लाख सताईस हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर तक जाने वाली यह एक मात्र पथ है, जो बहुत संकीर्ण है। इस कारण प्रतिदिन जाम की समस्या उत्पन्न होती है। सड़क के चौड़ीकरण कार्य से आमजनों के आवागमन में सुगमता होगी। ब्रह्मपुर मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, जिससे बाजार, स्थानीय क्षेत्र का विकास एवं पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ोतरी होगी।

**5197.50 लाख से भोजपुर सिमरी पथ का होगा चौड़ीकरण :** प्रेस वार्ता के दौरान डीएम ने बताया कि पथ प्रमंडल बक्सर द्वारा भोजपुर-सिमरी पथ के चौड़ीकरण के लिए 5197.50 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावे पथ प्रमंडल बक्सर अंतर्गत बड़ी मस्जिद से सेन्ट्रल जेल तक के पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए कुल 3680.36 लाख रुपए निर्गत किए गए है तथा पथ प्रमंडल बक्सर अंतर्गत दो लेन धनसोई बाईपास पथ के निर्माण के लिए कुल 9824.90 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है।

**कई प्रखंड में बनेंगे नये प्रखंड व अंचल कार्यालय :** बक्सर जिला अंतर्गत बक्सर सदर व सिमरी प्रखंड में नये प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन तथा प्रखंड चौसा, चौगाईं एवं केसठ में नये प्रखंड व अंचल कार्यालय सह आवासीय परिसर का निर्माण के लिए 1254.671 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं, बक्सर जिला अंतर्गत एनएच 922 से उत्तर प्रदेश के बलिया जिला एनएच 19 को जोड़ने वाले गंगा नदी पर निर्मित जनेश्वर मिश्रा पुल के पहुंच पथ का निर्माण कार्य के लिए कुल 38676.95 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।

**बक्सर में बनेगा अटल कला भवन :** इस दौरान बताया गया कि बक्सर नगर परिषद क्षेत्र में 620 क्षमता का अटल कला भवन निर्माण के लिए उन्नीस करोड़ तिहतर लाख छब्बीस हजार रूपए की राशि स्वीकृति की गई है। वर्तमान में बक्सर शहर में स्थित टाउन हॉल लगभग 22 वर्ष पुराना है एवं जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। अटल कला भवन निर्माण से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा होगी एवं बक्सर की पहचान के रूप में स्थापित होगा।

प्रेस वार्ता में उप विकास आयुक्त डॉ. महेंद्र पाल, अपर समाहर्ता अनुपमा कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र मिश्रा, जिला जन संपर्क पदाधिकारी सौरभ आलोक, विशेष कार्य पदाधिकारी व संबंधित विभागों के पदाधिकारी तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक के मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### पहली बार किया गया नेत्रदान, मिला प्रमाण पत्र



**बक्सर।** सोमवार को दधीचि देहदान समिति जिला इकाई द्वारा जिले में नेत्रदान की पहली प्रक्रिया संपन्न हुई। यह आयोजन समिति की अध्यक्ष सह पूर्व चेयरमैन मीना सिंह की देखरेख में आयोजित की गई थी। दधीचि देहदान समिति के कोषाध्यक्ष सह अग्रवाल समाज के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने बताया कि ज्योति प्रकाश चौक निवासी सर्राफ परिवार के पन्नालाल सर्राफ का निधन सोमवार को सुबह लगभग 8 बजे हो गया। मृत्यु के बाद उनकी पत्नी द्वारा नेत्रदान कराने की इच्छा जताने पर पटना आईजीआईएमएस के डाक्टर टीम डॉ. मारुति, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. बालदेव कुमार द्वारा बक्सर में पहला नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। डाक्टर टीम द्वारा दस मिनट की डॉक्टरी प्रक्रिया के बाद नेत्रदानी के परिवार को समिति के सहयोग से आईजीआईएमएस के डॉक्टरों की टीम द्वारा प्रमाण पत्र सौंपा गया। दीपक अग्रवाल ने कहा कि बक्सर जिला में नेत्रदान का यह पहला प्रक्रिया सम्पन्न हुआ। वही आगे जिले के लोगों से अपील है कि आप मरणोपरांत अपनी आंखों के साथ शरीर के अंग दान कर सकते है, जो किसी के काम आ सके। अंगदान से किसी को जीवन मिलता है तो वो व्यक्ति मरने के बाद अमर हो जाता है। मौके पर नेत्रदान करने वाले स्व. पन्नालाल की पत्नी, उनके बेटे विनीत सर्राफ उनकी बहू किरण सर्राफ, अमित लोहिया, नीरज मानसिंहका, प्रवीण पोद्दार, मधु मानसिंहका के अलावा दधीचि देहदान समिति के मुख्य संरक्षक प्रदीप चौरसिया एवं उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह मौजूद रहे।

### सरकारी स्कूलों में 10 से शुरू होगी वार्षिक परीक्षा

**केसठ।** प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की वार्षिक परीक्षा दस मार्च से शुरू होगी। जो बीस मार्च तक चलेगी। यहे परीक्षो विद्यालय में ही होगी। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश राम ने बताया कि पहली से आठवीं कक्षा तक की वार्षिके परीक्षो दस मार्च से शुरू होगी। जो बीस मार्च तक दो पालियों में होगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में मैट्रिक की तरह वार्षिके परीक्षा ली जाएगी। ताकि छात्रों को वार्षिक परीक्षा के बारे में अभी से ही अनुभव रहे। इसके अलावा अगली कक्षा की परीक्षा भी वे सहजता से दे सकें। उन्होंने बताया कि परीक्षा से पुर्व सभी प्रधानाध्यापकों को बंद लिफाफे में विषयवार प्रश्न पत्र दिया जाएगा, ताकि प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका की गोपनीयता भंग नहीं हो सके। उन्होंने बताया कि सभी प्रधानाध्यापकों की बैठक करे परीक्षा संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### अमसारी में देसी शराब बरामद, तस्कर फरार

**चौगाई।** मुरार पुलिस ने थाना क्षेत्र के अमसारी अनुसूचित जाति बस्ती में छापेमारी अभियान चला 12 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया है। हालांकि, पुलिस के आने की भनक लगते ही कारोबारी भाग निकले। शराब की खेप बरामद करने के बाद पुलिस अज्ञात तस्करों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। थानाध्यक्ष अमन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई थी। गौरतलब हो कि तीन वर्ष पूर्व इस गांव में जहरीली शराब पीने से एक साथ छह लोगों की मौत हुई थी, बावजूद इस गांव का शराब से नाता नहीं टूट रहा है। पुलिस भी इस बात से हैरान है।

### संघमित्रा एक्सप्रेस से बरामद की गई 88 लीटर शराब

**बक्सर।** रेल पुलिस ने स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर चेकिंग अभियान के दौरान भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किए है। हालांकि, तस्कर रेल पुलिस को चकमा देने में सफल रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डाउन लाइन से गुजर रही संघमित्रा एक्सप्रेस के बक्सर स्टेशन पर रूकने के दौरान रेल पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया इस दौरान बोगी नंबर एस-5 व एस-6 के बीच बैग में छिपाकर रखा गया 88.17 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ, जिसे रेल पुलिस ने जब्त कर लिया। लेकिन कोई भी तस्कर पकड़ा नहीं गया। हालांकि, शराब बरामद बरामद होने के बाद रेल पुलिस अब तस्करों की शिनाख्त में जुट गई है। बता दें कि यूपी की तरफ से आने वाली टेज्नों में अक्सर शराब की खेप बरामद होती है। जिस कारण रेल पुलिस सक्रिय रहती है।

## 11 केवीए के पोल में ट्रक ने मारी टक्कर

- कमल नगर, टेक्सटाईल कॉलोनी सहित एक बड़े इलाके में पांच घंटों तक ठप थी बिजली आपूर्ति

केटी न्यूज/डुमरांव



सोमवार की सुबह नगर के स्टेशन रोड स्थित महाराजा पेट्रोल पंप के समीप एक ट्रक के धक्के से 11 केवीए का पोल क्षतिग्रस्त होकर गिर पड़ा। यह संयोग था कि आसपास कोई मौजूद नहीं था, नहीं तो एक बड़ी घटना घट सकती थी। पोल में टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। इस घटना के बाद कमल नगर, टेक्सटाईल कॉलोनी सहित एक बड़े इलाके की आपूर्ति पांच घंटे तक ठप रही।

पोल के क्षतिग्रस्त होने से करीब पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। रेलवे स्टेशन के इलाके में रहने वाले लोग सुबह में पानी के लिए भागदौड़ करते देखे गये। कनीय विद्युत अभियंता मनीष कुमार ठाकुर ने बताया कि सूचना मिलते ही विभागीय कर्मियों द्वारा क्षतिग्रस्त बिजली पोल को ठीक कराया गया। उसके बाद आपूर्ति बहाल की गयी।

मिली जानकारी के अनुसार उक्त जगह पर एक पुलिया है, जिस पर निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के कारण सड़क के एक हिस्से में पुलिया निर्माण के लिए कटिंग की गई है, जिस कारण वहां सड़क की चौड़ाई घट गई है। सोमवार की सुबह करीब छह बजे उक्त रास्ते एक ट्रक गुजर रहा था। सड़क संकरा होने के कारण पुलिया को पार करने के दौरान ट्रक पोल से टकरा गया, जिससे पोल टूट गया। घटना के बाद तेज आवाज हुआ, जिसे सुन आस पास के लोग मौके पर पहुंचे। उस दौरान ट्रक चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पॉवर सब स्टेशन व टाउन जेई को दी। सूचना मिलते ही टाउन जेई विभागीय मिस्त्रियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा घंटो मशक्कत के बाद टूटे पोल की मरम्मत करवाई। इसके बाद ही आपूर्ति बहाल हो सकी। इस दौरान लोगों को पेयजल सहित कई परेशानियों से जूझना पड़ा।







राजवाहा पर पुलिया बनाने की कई बार स्थानीय लोग कर चुके हैं मांग

## राजवाहा पर पुलिया बनाने की कई बार स्थानीय लोग कर चुके हैं मांग

# महादलित बस्ती से नहर तक बनेगा रोड व पुल, आने-जाने की परेशानी अब होगी दूर

केटी न्यूज/डुमरांव

नगर के मुख्य सड़क स्टेशन रोड से वार्ड 22 के महादलित रोड होते हुए डुमरांव-सिकरौल राजवाहा तक की सड़क जर्जर और गड्ढानुमा होने के कारण लोगों को आने-जाने में लोगों को काफी परेशानी होती है।

इस परेशानी से वार्ड की जनता से लेकर आधा दर्जन गांव के लोग इस रोड को बनाने और राजवाहा पर पुलिया बनाने की कई बार मांग कर चुके हैं, लेकिन नगर परिषद ने कभी सकारात्मक पहले नहीं किया। पिछले बोर्ड की बैठक में वार्ड सदस्य अमर पासवान ने रोड और पुल बानाने की मांग उठाई थी। इनकी मांग पर रोड बनाने की तो मुहर लग गई, लेकिन नहर पर पुल बनाने के लिये नहर विभाग से बगैर स्वीकृति लिये काम नहीं कराया जा सकता था। स्वीकृति को लेकर पुल बनाने पर सहमि बनी।



नगर परिषद ने इस दिशा में पहल करते हुए नहर विभाग के कार्यपालक अभियंता के पास पत्रचार शुरू किया। अब विभाग से स्वीकृति मिलने का इंतजार हो रहा है, जैसे ही मिलेगा काम शुरू कर दिया जाएगा। मालूम हो की पुल नहीं रहने के कारण लोग पुल के नीचे से होकर आते-जाते हैं। वही जब नहर में पानी आ जाता है तो रास्ता बदलना पड़ता है। वर्तमान में नहर के उपर बिजली का पोल रखकर लोग आते-जाते हैं, थोड़ा से अनबैलेंस होने पर नहर में कोई भी गिर सकता है, कईबार ऐसा हादसा हो चुका है। नहर के दोनों तरफ दर्जनों नई-नई कॉलोनी बस जाने से लोगों आना-जाना बढ़ गया है। बता दें की महरौरा, गोपालडेरा, नावाडेरा, बनकट पुरानाभोजपुर सहित अन्य गांव इस नहर रोड से जुड़े हुए हैं। नहर पर पुल बन जाता है तो पहुंच पथ में भी काम लग जाएगा। हालांकि पहुंच पथ को मंजूरी मिल चुकी है, लिहाजा इसे बनाया जा सकता है। इस संबंध में जब चेयरमेन सुनीता गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया की हरिजी हाता के जितने मोहल्ले हैं, वहां के लोग अब सीधे मुख्य सड़क स्टेशन रोड से जुड़ गए हैं। पूरे हरिजी हाता के क्षेत्र में लगभग एक दर्जन रोड बनाकर गलियों को जोड़ दिया गया है। टू और फोर व्हीलर वाहन को आने-जाने में भी परेशानी नहीं होगी। नहर विभाग से जैसे ही स्वीकृति मिलेगी, राजवाहा पर पुल बनाने और रोड बनाने पर शीघ्र काम लगा दिया जाएगा।



# रोजी-रोटी के साथ-साथ जीवन के लक्ष्य को भी प्राप्त करें बच्चे: पद्मश्री डॉ. भवेश

- चार प्रकार के दान होते है, अन्न, वस्त्र, औषधि एवं विद्यादान, विद्यादान का विशेष महत्व है

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के जुबली हॉल में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजसेवी, लेखक व पत्रकार पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश को सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र एवं प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से डॉ. भीम सिंह भवेश को अंग वस्त्र, मोमेंटो एवं पौधा देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश ने मोटिवेशनल स्पीच देकर बच्चों को ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मैं संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के स्थापना काल से जुड़ा हूं। यहां की प्राचार्या एवं निदेशक बच्चों में शिक्षा अलख जगाने के साथ समाज के प्रत्येक गतिविधियों में भाग लेते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं पिछले दो दशक से वंचित एवं पिछड़े लोगों के लिए कार्य कर रहा हूॅ। वंचित समाज के लोगो के टोलों में प्रतिस्पर्धा नहीं है। वहां भविष्य के सपने नही हैं। बुनियादी सुविधाएं नहीं है। बहुत सारे बच्चों को



ईश्वर ने साधन और समय दिया है। आप वंचित लोगों की मदद करें। समाज के लिए संवेदनशील बने। वंचित समाज के लोगों की मदद में विद्यालय का सराहनीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि चार प्रकार के दान होते है, अन्न, वस्त्र, औषधि एवं विद्यादान। विद्यादान का विशेष महत्व है। बच्चों को शिक्षा दीजिए, ताकि वे पैरों पर खड़े हो जाए। ऐसे कार्य करें, जिससे समाज एवं देश का नाम रोशन हो। छोटे-छोटे झांझवतों से नही घबराए। अंग्रेजी में कहा जाता है दिस टू विल पास यानि यह भी बीत जाएगा, का उदाहरण देकर उन्होंने बच्चों को समझाया। उन्होंने कहा कि जीविकोपार्जन के साथ जीवन का लक्ष्य प्राप्त करें। तय कीजिए कि हमको क्या करना है। अंत में उन्होंने कहा कि मुझे मिला सम्मान सिर्फ पद्मश्री नहीं, बल्कि कर्तव्य बोध पद्मश्री है। लक्ष्य के लिए निरंतर प्रयासरत प्रयासरत रहूंगा। जिस मुहीम में लगा हूॅ, उसे अभी और आगे ले जाना है। स्वागत करते हुए प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि पद्मश्री देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। ऐसे सम्मान समरोह से बच्चों के बीच ऊर्जा का संचार होता है।

## वंचित एवं उपेक्षित समाज के लोगों के लिए करें कार्य



डॉ भीम सिंह भावेश ने कहा कि हम अपने के लिए जीते हैं तथा अपने परिवार के लिए कमाते हैं। वंचित एवं उपेक्षित समाज के लोगों के लिए कार्य करने वाले व्यक्तित्व को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि हम इनसे कुछ सीखें। डॉ. भीम सिंह भवेश ने पद्मश्री प्राप्त कर भोजपुर ही नहीं बल्कि बिहार का गौरव बढ़ाया है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने कहा कि जो काम करेगा, उसको सम्मान अवश्य मिलेगा। प्रतिभा का धन व दौलत से कोई संबंध नहीं है। डॉ. भीम सिंह भवेश विद्यालय के स्थापना काल से जुड़े हुए हैं। यह गौरव का क्षण है। विद्यालय अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इसके पूर्व विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। समारोह में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्रा मौजूद रहें।

### उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव में रविवार की रात घटी घटना

# विवाह में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से बालक की मौत

- इलाज के लिए पटना स्थित निजी अस्पताल ले जाने के दौरान उसने रास्ते में थोड़ा दम
- आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क किया जाम व आगजनी

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव में रविवार की रात शादी समारोह में जयमाल के दौरान हुए हर्ष फायरिंग में गोली लगने से जख्मी बालक की मौत हो गई। इलाज के लिए पटना स्थित प्राइवेट अस्पताल ले जाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर गांव में आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। जानकारी के अनुसार मृत बालक को उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी सिंटू कुमार का 8 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार है एवं दूसरी कक्षा का छात्र था। जबकि परिजन द्वारा केस को लेकर कोर्ट में गवाही देने के कारण गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है।

उधर मृत बालक की मौत के बाद उसके परिजन एवं स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी व उसके परिवार की सुरक्षा की मांग को लेकर तेतरिया मोड़ के समीप मृत बालक के शव को सड़क पर रख सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम के दौरान आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा टायर जलाकर आगजनी भी की गई। उनके द्वारा करीब ढाई घंटे तक सड़क को जाम रखा गया। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइने लगी रही एवं आवागमन पूरी तरह ठप रहा। वही सड़क जान की सूचना पाकर उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने लगे। पुलिस के काफी मशक्कत करने के बाद आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी करने व सुरक्षा देने का आश्वासन देने के बाद लोगों को समझा-बूझाकर जाम को हटवाया। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इधर मृत बालक के चचेरे दादा बबन सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 में 1 दिसंबर को उनके चचेरे भाई रामायण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसी केस में वह 19 फरवरी को कोर्ट में वह गवाही देने के लिए गए थे और उसी केस में उनके भतीजे व मृत बालक के पिता सिंटू कुमार का 11 मार्च को गवाही था। इसे लेकर निरंतर सिंह द्वारा कोर्ट में ही उन्हें धमकी दी गई थी की गवाही ना दें। रविवार की रात गांव के ही पड़ोसी राम बच्चन की बेटी की बारात जगदीशपुर थाना क्षेत्र के अंगरुआं गांव से आई थी। जिसमें मृत बालक अपने माता-पिता एवं परिवार के सदस्यों के साथ शादी समारोह में शामिल होने गया था। शादी में जयमाल के दौरान जब सभी लोग स्टेज के पास खड़े थे। तभी हर्ष फायरिंग कर दी गई। जिसमें फायरिंग के दौरान गोली आशीष कुमार के सिर में लग गई थी। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखकर पटना रेफर कर दिया गया था। जिसके बाद परिजनों से इलाज के लिए पटना स्थित प्राइवेट अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी तरफ मृत बालक के चचेरे दादा बबन सिंह ने अपने भाई रामायण सिंह के हत्या में गवाही देने के कारण अपने चचेरे पोते आशीष कुमार की निरंतर सिंह द्वारा गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने प्रशासन से अपने एवं मृत बालक के पिता की सुरक्षा की भी मांग की है। बताया जाता है कि मृत बालक अपने एक भाई व बहन में छोटा था एवं अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। घटना के बाद मृत बालक के घर में मातम छा गया है। घटना के बाद मृत बालक की मां मधु देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 6 मार्च को आरा आ रहे हैं आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत

**आरा।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी के नेता एक्टिव मोड पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम सियासी दिग्गज बिहार में अपना दौरा कर रहे हैं। इसके चलते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघके प्रमुख मोहन भागवत आगामी 6 मार्च को बिहार आएंगे। जानकारी के मुताबिक मोहन भागवत 6 मार्च को बिहार के सुपौल जिले के वीरपुर में रहेंगे। इस दौरान मोहन भागवत वीरपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 01 स्थित केशव नगर में बने सरस्वती विद्या मंदिर के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। मोहन भागवत के इस दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# लाभुकों को एक ही छत के नीचे लोगों को मिलेगी सारी ऑनलाइन सुविधा

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के आरा शहर के देवी स्थान के समीप मां आरण्य डिजिटल सेंटर सीएससी का विधिवत उद्घाटन हुआ। आसपास के लोगों को अब एक ही छत के नीचे सुविधा मिलेगी। इस कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से सभी ऑनलाइन सुविधाएं एवं समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी सेवाएं एक ही छत के नीचे मिलेगी। इसका सोमवार को विधिवत रूप से वैदिक मंत्रोचार एवं पूजा पाठ के बाद उद्घाटन गण्यमान अतिथियों ने की। इस डिजिटल सेंटर के खुल जाने से देवी स्थान एवं आसपास के लोगों को अब सभी ऑनलाइन सुविधाओं मिलेगी। जिसमें गाड़ियों के इंश्योरेंस से लेकर वोटर आईडी कार्ड मनी ट्रांसफर ड्राइविंग लाइसेंस दाखिल खारिज डाटा एंट्री फोटो स्टेट रेलवे ई टिकट एयर टिकट से लेकर टाइपिंग पैन कार्ड बिजली बिल रिचार्ज, आयुष्मान कार्ड राशन कार्ड ऑनलाइन फॉर्म से लेकर पैसे की निकासी तक की सुविधा मिलेगी। वही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में एक युवक आकाश कुमार का



यह प्रयास काफी सराहनीय है। जिसमें कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से लोगों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। वही कॉमन सर्विस सेंटर केंद्र को खोलने वाले आकाश कुमार ने बताया कि इधर के लोगों को इस तरह के कई कामों में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। उनको इसके लिए काफी दूर जाना पड़ता था। इसलिए उसके मन में यह विचार आया कि एक डिजिटल सेंटर इस देवी स्थान के इलाके में स्थापित किया जाए। इस मौके पर स्थानीय वार्ड पार्षद जीतू चौरसिया ने कहा कि यह हमारे युवा छोटे भाइयों का प्रयास काफी सराहनीय है। क्योंकि आजकल जमाना डिजिटल हो गया है।




## आरा नगर निगम की नई आयुक्त अंजू कुमारी ने पदभार संभाला

**आरा।** आरा नगर निगम की नई नगर आयुक्त अंजू कुमारी एवं उप नगर आयुक्त कोमल कुमारी ने सोमवार को पदभार संभाला। इस मौके पर आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी ने नई नगर आयुक्त अंजू कुमारी एवं उप नगर आयुक्त कोमल कुमारी को अंगवस्त्र और फ्रूट्स बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर महापौर इंदु देवी में कहा की नई नगर आयुक्त अंजु कुमारी एवं उप नगर आयुक्त कोमल कुमारी उजार्वान महिला है। नई नगर आयुक्त अंजू कुमारी को कार्य का काफी अनुभव है। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि वे अपने कार्य तथा अनुभव से नगर निगम क्षेत्र का विकास करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# जिला कलेक्ट्रेट के अमानती घर में लगी भीषण आग

**केटी न्यूज/आरा**

आरा कलेक्ट्रेट के अमानती घर में सोमवार की देर शाम भीषण आग लगी गई। आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका जताई जा रही है। आग की लपटे इतनी तेज की थी धुंआ आधा किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था। हादसे के बाद रढ ऑफिस में तैनात पुलिसकर्मियों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी। आगलगी की घटना के दौरान आसझपास के इलाकों में अफराझतफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों के साथ पांच महिला फायर मैंन एवं अन्य फायर मैंन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के लिए जद्दोजहद कर रहे है। वहीं मौके पर मौजूद स्थानीय नीरज कुमार केशरी यह कलेक्ट्रेट का अमानती



घर है इसमें जिले में अलग-अलग जगह पर छापेमारी में बरामद सीजर सामानों को यहां रखा जाता है। कई वर्ष पुराना है ।आग कैसे लगी है इसकी जानकारी नहीं है। आग लगी की घटना के बाद हम लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और कलेक्ट्रेट के अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। इस दौरान फायर ब्रिगेड की महिला फायरमैन ने चुस्ती के साथ आग पर काबू पा रही है। वही स्थानीय दुकानदार मोहम्मद इरशाद ने बताया कि हम लोग 5:30 बजे के आसपास अपने दुकान को बंद कर-के चले गए थे। इसके बाद हम लोग को फोन आया कि आपके दुकान के बगल में अमानती घर में आग लग गई है। इस आग लगी में तीन से चार छोटे-छोटे फोटो स्टेट के दुकान भी चपेट में आ गए हैं।

### महाराजा कॉलेज में हुआ हेमन ट्रॉफी सीनियर अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता

# एकतरफा मैच में कैमूर ने औरंगाबाद को 9 विकेट से हराया

- कैमूर के गेंदबाज धनेश चौहान ने घातक गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 28 रन देकर 8 विकेट चटकाये
- कैमूर की तरफ से अभिषेक ने नाबाद 55 रन का योगदान दिया

**केटी न्यूज/आरा**

बिहार क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित अंतर जिला हेमन ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा मैच औरंगाबाद और कैमूर के बीच महाराजा कॉलेज के टर्फ विकेट पर खेला गया। इस बारे में देते हुए जिला क्रिकेट संघ के विनीत कुमार राय (ज्ञानू ) ने बताया कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए



औरंगाबाद की टीम ने 22 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर मात्र 107 रन बनाई। औरंगाबाद की तरफ से आयुष ने 23 रन ,हर्ष ने 31 रन ,हर्ष राज पुरू ने 15 रन, करण राज ने 12 रन का योगदान किया। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई अंकों में नहीं प्रवेश कर सका। कैमूर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए धनेश चौहान ने 10 ओवर में 28 रन देकर 8 विकेट लिए। विकास पटेल एवं प्रियम को एक-एक विकेट मिला। मात्र 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कैमूर की टीम ने 15.3 ओवर में मात्र एक विकेट के नुकसान पर जीत के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। कैमूर की तरफ से अभिषेक ने नाबाद 55 रन शशांक उपाध्याय ने 29 रन एवं गुपिल राय ने नाबाद 6 रन बनाए और अपनी टीम को जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। औरंगाबाद की तरफ से एकमात्र विकेट नंदन को मिला। आज के मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कैमूर के धनेश चौहान को जिला क्रिकेट संघ के पूर्व हेमन खिलाड़ी चंद्र प्रकाश नारायण द्वारा इरास्तुति की तरफ से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

सोमवार को मैच के निर्णायक बिहार स्टेट पैनल के दीपक एवं नीरज थे, स्कोरिंग शाहबाज एवं प्रियांशु ने की। मैच का उद्घाटन डॉक्टर अभिषेक आनंद एवं डॉ अमरजीत सिंह द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। साथ में बिहार एथलेटिक संघ के उपाध्यक्ष यशवंत सिंह थे ।पूरे मैच के दौरान भोजपुर जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी, लीग संयोजक आकाश कुमार, विभिन्न क्लबो के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।



# चतरा पुलिस ने तोड़ी नक्सलियों की कमर

## दबोचा गया 18 लाख का इनामी आक्रमण गंझू

**चतरा, एजेंसी।** झारखंड समेत अलग-अलग राज्यों में आतंक का पर्याय बन चुके प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी नक्सलियों के विरुद्ध चतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. चतरा एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम नें कार्रवाई करते हुए 18 लाख के इनामी रीजनल कमांडर सह संगठन का सेकेंड सुप्रीमो रविंद्र उर्फ आक्रमण उर्फ ब्रह्मदेव उर्फ रामविनायक को हथियार के साथ दबोचा है. साथ ही उसकी निशानदेही पर यूएस मेड विदेशी रायफल के साथ भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा व कारतूस भी बरामद किया है. आक्रमण गंझू के साथ उसकी पत्नी पूर्व प्रखंड प्रमुख समेत तीन अन्य को भी पकड़ा गया है.

**नक्सलियों पर पुलिस का कड़ा प्रहार–** रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांन्फ्रेंस में एसपी विकास पांडेय ने बताया कि झारखंड सरकार ने राज्य को नक्सल मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया है. इसी संकल्प को धरातल पर उतारने के लिये महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन में नक्सली संगठनों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई की जा रही है. इसी कार्रवाई के दौरान पुलिस को प्रतिबंधित नक्सली संगठनों के विरुद्ध निरंतर सफलताएं भी मिल रही हैं.



एसपी ने बताया की प्रतिबंधित नक्सली संगठनों के विरुद्ध चतरा जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लागातार छापामारी अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी क्रम में विगत 1 मार्च को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के कुख्यात उग्रवादी 18 लाख का इनामी रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू उर्फ आक्रमण उर्फ आक्रमण अपने साथियों के साथ रात में बिहार हंटरगंज के रास्ते पलामू जा रहा है.

इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया. इस टीम में हंटरगंज इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी पप्पु कुमार शर्मा, सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार, थाना प्रभारी सिमरिया मानव मयंक व पुलिस अवर निरीक्षक हरिवन्द्र तिरवार समेत सशस्त्र बल को शामिल किया गया.

एसपी ने बताया कि टीम ने हंटरगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर वाहन जांच अभियान चलाया. जांच के दौरान ही शेरघाटी-हंटरगंज रोड में पत्सुगिया पुल के पास से सफेद रंग की गाड़ी से नक्सली आक्रमण व उसके साथियों को पकड़ा गया.

**एनआईए को भी थी तलाश–** एसपी ने बताया कि आक्रमण गंझू की निशानदेही पर हथियार व कारतूस का जखीरा, मोबाइल एवं अन्य सामान बरामद किया गया है. प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के रीजनल कमांडर रविंद्र गझू उर्फ आक्रमण गंझू उर्फ आक्रमण उर्फ ब्रह्मदेव सिंह भोक्ता उर्फ रामविनायक के अलावा उसकी पत्नी व लावालौंग प्रखंड की पूर्व प्रमुख नीलम देवी, सचिन कुमार गंझू व अमृत गंझू को भी गिरफ्तार किया गया है.

इस प्रेस वार्ता में एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली आक्रमण गंझू पर राज्य सरकार में 15 लाख और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 03 लाख रुपये के इनाम की घोषणा कर रखी थी. गिरफ्तार आक्रमण के विरुद्ध झारखंड के विभिन्न जिलों के अलग-अलग थानों में 70 से अधिक दुर्दांत नक्सली वारदात से जुड़े मामले दर्ज हैं. इन मामलों में पुलिस को लंबे समय से नक्सली आक्रमण की तलाश थी. इसके अलावा टंडवा थाना में दर्ज टेरर फंडिंग के चर्चित मामले में भी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को उसकी लंबे समय से उसकी तलाश थी.

### हथियार का जखीरा बरामद

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली के पास और उसकी निशानदेही पर 9एमएम के 03 पिस्टल, 01 देसी कट्टा, 9एमएम का 15 जिंदा गोली, .315 बोर की 01 गोली, 01 गाड़ी, विभिन्न कंपनियों के 07 मोबाइल फोन, डोंगल (राउटर) 03, एम-16 एआईराइफल 01, एसएलआर राइफल 01, .315 बोर की देसी राइफल 02, 7.62 एमम की देसी पिस्टल 01, 7.65 एमएम की देसी पिस्टल 03, देसी कट्टा 01, एम-16 एआई राइफल मैगजीन 03, एसएलआर मैगजीन 01, अन्य पिस्टल के मैगजीन 02, 9एमएम की जिंदा गोली 4597 राउंड, 5.56एमएम की जिंदा गोली 172 राउंड, .315एमएम की जिंदा गोली 100 राउंड, एम-16 की जिंदा गोली 90 राउंड, 7.62एमएम की जिंदा गोली 20 राउंड और 01 मैगजीन पाउच बरामद किया गया है.

इस प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी ने मुख्यधारा से भटके अन्य नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाते हुए सरेंडर कर अपना भविष्य सुरक्षित कर ले अन्यथा पुलिस उनसे कठोरता से निपटने के लिए तैयार है. किसी भी परिस्थिति में नक्सलियों को बक्सा नहीं जाएगा.

एसपी ने कोयलांचल में कार्यरत संवेदकों, व्यापारियों व अन्य एजेंसियों के संचालकों से भी नक्सलियों को लेवी नहीं देने की अपील की है. उन्होंने कहा कि लेवी देने की सूचना की पुष्टि पर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. एसपी ने नक्सली गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की भी अपील आम लोगों से की. साथ ही कहा कि सूचना पर सूचक की पहचान गुप्त रखते हुए त्वरित कार्रवाई की जाएगी.

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और संजीव की बेल पर हाईकोर्ट में सुनवाई 7 मार्च को

**रांची, एजेंसी।** टेंडर घोटाला के जरिये करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके ओएसडी संजीव लाल की जमानत याचिका पर अब हाईकोर्ट में 7



मार्च को सुनवाई होगी. दोनों आरोपियों की जमानत याचिका हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है.

बता दें कि आलमगीर आलम और संजीव लाल दोनों आरोपियों को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया था और उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी. जिसके बाद दोनों ने हाईकोर्ट में जमानत के लिए गुहार लगाई है. इस मामले में कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है.

### लांडुपोदा उप स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र चालू करने की मांग

**चक्रधरपुर , एजेंसी।** बंदगांव प्रखंड की लांडुपोदा पंचायत के राजापारम गांव स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र बनकर तैयार होने के बावजूद शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है. ग्रामीणों ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं होने से लोगों को इलाज



के लिए दूर जाना पड़ता है. इसके चालू हो जाने से पंचायत की करीब पांच हजार आबादी को सुविधा होगी. इसलिए अस्पताल का जल्द उद्घाटन कर यहां मरीजों का इलाज शुरू किया जाए. ताकि लोगों को देर रात भी इलाज उपलब्ध हो सके.

मुखिया कुश पूर्ति ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह उनकी समस्या व मांग को जल्द ही डीसी तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे, ताकि यथाशीघ्र अस्पताल चालू किया जा सके. मौके पर चुम्बरू पूर्ती, सुषमा पूर्ती, नानिका पूर्ती, सुशीला पूर्ती, गांधी पूर्ति समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### झारखंड दिशोम सरहुल समिति के अध्यक्ष बने दिलीप किस्कू

**रांची, एजेंसी।** झारखंड दिशोम सरहूल (बाहा) समिति की बैठक शनिवार को चांडिल गोलचक्कर स्थि जाहेरथान में संयोजक गुरुचरण किस्कू की अध्यक्षता में हुई. बैठक में पुरानी समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया. नई



समिति में दिलीप किस्कू को अध्यक्ष और सुगी हांसदा को सचिव बनाया गया. इसके अलावा समिति में संयोजक गुरुचरण किस्कू, सह संयोजक चारुचांद किस्कू, मांझी बाबा तारांचाद टुडू, उपाध्यक्ष गुरुपद हांसदा, सह सचिव मोतीलाल सोरेन, कोषाध्यक्ष बैधनाथ टुडू, प्रेस प्रवक्ता सुदामा हेम्ब्रम को बनाया गया है.

**एक अप्रैल को मनाया जाएगा सरहुल–** झारखंड दिशोम सरहुल (बाहा) जाहेरथान में आगामी एक अप्रैल को सरहुल पर्व मनाया जाएगा. बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार नई समिति को सरहुल की तैयारी करने और इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का जिम्मा दिया गया है. बैठक में अरूण टुडू, सोनाराम मार्डी, मनीष टुडू, कासिम किस्कू, शत्रुघ्न मुर्मू, दारायबुरू हांसदा, गुरुपद मार्डी, सोमाय टुडू, सिमल बेसरा, सुमित टुडू, दिनेश मुर्मू, तुम्बा मांझी, कालू टुडू, धनीराम हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे.

## यात्रियों के लिए जरूरी सूचना, होली से पहले 13 एक्सप्रेस ट्रेनों को किया गया रद्द

**चक्रधरपुर, एजेंसी।** दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत आने वाले संतरागाछी स्टेशन यार्ड की रिमाडलिंग को लेकर रेल प्रशासन ने 30 अप्रैल से 18 मई तक दर्जनों पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन रद करने की घोषणा कर दी है।

इसके अलावा दर्जनों ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट और दर्जनों ट्रेनों को रीशिड्यूल कर चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली 13 ट्रेनों का परिचालन 30 अप्रैल से लेकर 18 मई के बीच विभिन्न तिथियों में रद कर दिया है। ट्रेनों के रद होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उधर, दक्षिण-पूर्व रेल के आद्रा डिवीजन के अंतर्गत विभिन्न विभाग का मेंटेनेंस को लेकर 3 मार्च से 9 मार्च तक पावर ब्लॉक के कारण विभिन्न ट्रेनों का परिचालन बाधित होगा। रेल सूत्रों के अनुसार 3 ,7 एवं 9 मार्च को आद्रा -मेदिनीपुर मेमू, 3 से 9 मार्च तक आसनसोल -आद्रा मेमू , 3 एवं 8 मार्च को आसनसोल -पुरुलिया मेमू, 3 एवं 6 मार्च को झाड़ग्राम -धनबाद पैसेंजर, 3,6 एवं 8 मार्च को वर्धमान- हटिया पैसेंजर को रद कर



दिया गया है। 3, 4 और 8 मार्च को टाटा - आसनसोल-बराभुम मेमू, 4, 5, 7, एवं 9 मार्च को आसनसोल- पुरुलिया मेमू आद्रा स्टेशन तक परिचालन करेगी। 3,6 एवं 8 मार्च को नई दिल्ली-पुरी एक्सप्रेस 30 मिनट विलंब में परिचालन करेगी।

महाकुंभ के समापन के साथ ही एक्सप्रेस व सवारी ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में कमी आई है। कुछ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन बंद करने की घोषणा की गई है।

हलांकि 28 फरवरी तक रांची और बरकाकाना से चलने वाली महाकुंभ स्पेशल का परिचालन किया गया है। कुछ कारणों से टाटा और झारखंड स्वर्णजयंती का परिचालन तीन मार्च्र तक कैंसिल किया गया है।

## उद्दंड और शराबी पुलिस अफसरों की मांगी गई सूची, एक हफ्ते का मिला टाइम, डीजीपी के नए आदेश से महकमे में हड़कंप

**रांची, एजेंसी।** डीजीपी की चिट्ठी के बाद राज्यभर के पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। डीजीपी ने रांची के आइजी सहित हजारीबाग, दुमका, बोकारो, पलामू व चाईबासा रेंज के डीआइजी को पत्र भेजकर जिला व इकाइयों में पदस्थापित अनुशासनहीन पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों की सूची मांगी है।

डीजीपी ने निर्देशित किया है कि ऐसे पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों की सूची उनपर लगे आरोपों के साथ एक सप्ताह के भीतर डीजीपी के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त पत्र में डीजीपी ने सात बिंदुओं को चिह्नित किया है, जिसपर अधिकारियों को रिपोर्ट जमा करना है।

उक्त सूची में उद्दंड, शराबी, कर्तव्य से फरार, महिलाओं-आम नागरिकों से दुर्व्यवहार करने वाले, जमीन माफिया व अपराधियों से साठ-गांठ रखने वाले, अपने वरीय पदाधिकारियों के साथ उद्दंडतापूर्ण व्यवहार करने वाले व भ्रष्टाचार के आरोपितों



के नाम देने हैं। डीजीपी उक्त सूची की समीक्षा करेंगे और ऐसे पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करेंगे।

डीजीपी कार्यालय को आए दिन पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों की शिकायत मिलती रही है। कोई पीड़ित को लाभ के एवज में रिश्वत मांगता है तो किसी पर आम जनता व महिलाओं से दुर्व्यवहार का आरोप है।

एक दिन पहले ही डीजीपी के निर्देश पर चतरा के हंटरगंज थाना प्रभारी दारोगा मनीष कुमार को डीजीपी के आदेश पर निलंबित करते हुए चाईबासा में पदस्थापित किया गया है।

दारोगा मनीष कुमार के विरुद्ध भ्रष्टाचार का आरोप था, जिसका गोपनीय सत्यापन कराने के बाद डीजीपी ने कार्रवाई की। वहीं, एक दिन पहले ही एसीबी ने कोतवाली थाने में पदस्थापित दारोगा ऋषिकांत को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था।

वह जब्त मोबाइल को मुक्त करने के लिए एनओसी देने के एवज में रिश्वत ले रहा था, तभी एसीबी ने गिरफ्तार किया था। पुलिस मुख्यालय में ऐसी शिकायतों की भरमार के बाद ही डीजीपी ने यह निर्णय लिया और ऐसे पुलिस अधिकारियों-कर्मियों की सूची मांगी।

## झारखंड में कांग्रेस को मजबूत करने की कवायद, 6 मार्च आ रहे हैं प्रभारी के.राजू

### संगठन को बूथ लेवल तक मजबूत करने का ब्लू प्रिंट तैयार

**रांची, एजेंसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य और झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू आगामी 6 मार्च को पांच दिन के लिए झारखंड आ रहे हैं. प्रभारी बनने के बाद वो दूसरी बार दौरा कर रहे हैं. कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने के. राजू के दूसरे झारखंड दौरे की जानकारी देते हुए बताया कि 6 मार्च को रांची पहुंचने के बाद प्रदेश प्रभारी सड़क मार्ग से पलामू के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां दोपहर बाद 1 बजे से पलामू, लातेहार और गढ़वा जिले के कांग्रेस जिलाध्यक्षों, प्रखंड और मंडल अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे.

के. राजू उसी दिन शाम 5 बजे



पलामू से लातेहार के लिए रवाना होंगे, उनका रात्रि विश्राम लातेहार में होगा. 7 मार्च को लातेहार से बोकारो के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां 11बजे बोकारो जिला कांग्रेस कार्यालय में बोकारो, धनबाद व गिरिडीह के जिला, प्रखंड एवं मंडल अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे.

**महिला दिवस पर 8 मार्च को मांडर में कार्यक्रम–** 8 मार्च को महिला दिवस पर रांची जिले के मांडर में आयोजित प्रगतिशील महिला किसान सम्मान समारोह में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी शिरकत करेंगे. इस कार्यक्रम के बाद के. राजू फिर से बोकारो के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां रात्रि विश्राम के बाद 9 मार्च को वह गोड्डा जाएंगे. गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज के जिला प्रखंड और मंडल अध्यक्ष के साथ प्रभारी की यहां बैठक होगी. 10 मार्च को वो देवघर जिला कांग्रेस मुख्याल में पूर्वाह्न 09 बजे से देवघर, जामताड़ा, दुमका के जिला, प्रखंड, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे. वहीं से वो दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे.

### एक पखवाड़े में दूसरी बार झारखंड दौरे पर आ रहे हैं प्रभारी

झारखंड में कांग्रेस को मजबूत जनाधार वाली पार्टी बनाने के लिए कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व कितना गंभीर है. इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि राज्य के प्रभारी बनने के बाद एक पखवाड़े के अंदर उनका दूसरा दौरा है. वह पहले दौर में 21 फरवरी से 25 फरवरी तक पांच दिवसीय झारखंड दौरे पर थे और फिर एक बार पांच दिवसीय झारखंड दौरे का कार्यक्रम है.

## बेतला में जंगली हाथी की मौत, 2 दिन पहले आपसी संघर्ष में हुआ था घायल

**लातेहार, एजेंसी।** पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला जंगल में शनिवार को एक जंगली हाथी की मौत हो गई. बताया जाता है कि 2 दिन पहले हाथियों के बीच आपसी संघर्ष हुआ था. जिसमें एक हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया था. हालांकि विभाग के द्वारा इसकी जानकारी होने के बाद घायल हाथी का इलाज किया जा रहा था पर शनिवार को उसकी मौत हो गई. पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर ने इसकी पुष्टि की है.

दरअसल इन दिनों हाथियों का प्रजनन काल चल रहा है. प्रजनन काल के दौरान अक्सर हाथियों के बीच संघर्ष होता रहता है. 2 दिन पूर्व भी हाथियों के बीच बेतला के जंगल में संघर्ष हुआ था. इस दौरान एक हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया था. बेतला के तेलही पहाड़ी के पास वह घायल अवस्था में पड़ा हुआ था.

इसकी सूचना होने के बाद वन विभाग के द्वारा घायल हाथी का इलाज आरंभ कर दिया गया था. लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के कारण वह स्वस्थ नहीं हो सका और शनिवार को उसकी मृत्यु हो गई. इधर हाथी की मौत की खबर सुनने के बाद वन विभाग के



वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दिए हैं. वहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से मृतक हाथी का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद उसे दफनाया जाएगा.

**आपसी संघर्ष के कारण हुई है घटना–** इस संबंध में पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकान्त जेना ने बताया कि दो दिनों पहले हाथियों के बीच संघर्ष हुआ था. इस संघर्ष में एक हाथी जख्मी हुआ था. जख्मी हाथी की इलाज किया जा रहा था लेकिन उसकी मौत हो गई है. उन्होंने कहा कि यह मौसम हाथियों का मेटिंग का वक्त है. इसी कारण हाथियों के बीच संघर्ष हो जाता है.

**रेंजर कर रहे हैं मामले की निगरानी–** इस घटना के बाद बेतला रेंज के रेंजर उमेश कुमार दुबे के द्वारा पूरे मामले की मॉनिटरिंग की जा रही है. बताया जाता है कि हाथी के घायल होने की सूचना के बाद डिप्टी डायरेक्टर के निर्देश पर रेंजर उमेश दुबे चिकित्सकों की टीम के साथ हाथी के इलाज के लिए तत्पर देखे जा रहे थे. हालांकि हाथी को गंभीर चोट लग जाने के कारण उसे बचाने में विभाग सफल नहीं हो सका.

## अंधविश्वास में 11 माह की बच्ची की कुत्ते से कराई शादी, बरातियों को भोज भी खिलाया

**चाईबासा, एजेंसी।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के चिमीसाई गांव में एक 11 माह की बच्ची की कुत्ते से शादी कराने की खबर सामने आई है।

यह शादी वैसे ही हुई जैसे एक आम शादी होती है। इसमें दूल्हा, दुल्हन, बैंड बाजा और बरात सबकुछ था। शादी के बाद बरातियों ने भोज का आनंद भी उठाया।

दरअसल, हो जनजाति (आदिवासी) में दांत के ऊपर दांत (कुकुर दांत) को अशुभ माना जाता है। इस अंधविश्वास में जिस बच्ची को कुकुर दांत होता है, अशुभ को टालने के लिए उसकी शादी कुत्ते से करने की परंपरा है। यह शादी मागे परब (त्योहार) के दौरान की जाती है। बता दें कि इन दिनों हो जनजातियों का मागे परब चल रहा है। इसी दौरान शुक्रवार को बच्ची की शादी कुत्ते से कराई गई है। हालांकि, यह शादी सिर्फ एक रस्म भर होती है। चिमीसाई गांव में शादी के दौरान कुत्ते के एक पैर के नाखून पर सिंदूर लगाकर बच्ची की मांग को भरा जाता है। इसके बाद कुत्ते को खुला छोड़ दिया जाता है। बता दें कि इस शादी के दौरान लोगों को जश्न मनाते हुए भी देखा



गया। महिलाएं नाच रही थीं, ढोल-नगाड़े बज रहे थे। मांदर की थाप पर युवा थिरक रहे थे।

शादी के दौरान कुत्ते को धोती पहनाई गई थी। इसी तरह से बच्ची को पीले रंग की साड़ी पहनाई गई थी। इसके बाद दोनों को गोद में लेकर विधि-विधान के साथ पूजा भी की गई।

उधर, अंधविश्वास का एक और मामला गम्हरिया प्रखंड में सामने आया है। यहां जयकान पंचायत के अंतर्गत नूनाडीह टोला डुंगरीडीह के बिशु मुर्मू नामक व्यक्ति द्वारा झाड़ फूंक के नाम पर एक आदिवासी महिला के साथ मारपीट किए जाने के मामले में एफआईआर दर्ज हुई है। इस बावत पीड़िता द्वारा आरोपी के खिलाफ गम्हरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस बावत बताया गया है कि बीते 24 फरवरी को महिला कुछ दिनों से बीमार थी। कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि बिशु मुर्मू बीमारी का इलाज करता है।

महिला के परिजनों द्वारा जब उसे बिशु के पास ले जाया गया तो उसने झाड़-फूंक के नाम पर महिला को बाल खोलकर घर में बनाए गए पूजा स्थल पर माथा टेकने को कहा।

बताया गया है कि जैसे ही महिला माथा टेकने के लिए झुकी, आरोपी ने उसके बाल पकड़कर उस पर लात, घूंसे और लाठी से प्रहार करने शुरू कर दिया। इतना ही नहीं आरोप है कि मानवता को शर्मसार करते हुए मुर्मू ने उक्त महिला के गुप्तांगों पर भी हमला किया जिससे वह महिला बुरी तरह घायल हो गई और बेहोश हो गई।

इसके बाद परिजनों द्वारा घायल महिला को चार दिनों तक स्थास्नीय निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। इस मामले को लेकर आदिवासी समाज में रोष व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

इधर, इस मामले में झामुमो नेता भोमरा माझी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस तरह के अंधविश्वास फैलाने वाले के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## लोहरदगा में क्रिकेट के साथ राजनीतिक और फिल्मी सितारों का होगा संगम, खास होगा टी20 मुकाबला

**लोहरदगा, एजेंसी।** जिले के बीएस कॉलेज स्टेडियम में 5 मार्च से लेकर 8 मार्च तक टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है. इस आयोजन में क्रिकेट सितारे के साथ-साथ राजनीतिक और फिल्मी सितारों का भी संगम होगा. प्रतियोगिता भव्य रूप से आयोजित होने जा रही है. इसकी तैयारी भी जोरों पर चल रही है.

**सुरक्षा और सुविधा का होगा खास इंतजाम–** स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग राज्य की कई क्रिकेट टीम शामिल होने जा रही हैं. जिसमें प्रमुख रूप से बिहार, झारखंड, दिल्ली, हरियाणा, मुंबई और लोहरदगा जिला क्रिकेट टीम के बीच मुकाबला होगा. इसके अलावा अन्य राज्यों की क्रिकेट टीमें भी पहुंच रही हैं. बीएस कॉलेज स्टेडियम को भव्य रूप से तैयार किया गया है. स्टेडियम में वह तमाम सुविधाएं हैं, जो किसी राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम में होती हैं. इस प्रतियोगिता में आने वाले लोगों को अतिथियों से मिलने का भी मौका मिलेगा. इस आयोजन में संगीत की सुर संध्या होगी, तो वहीं फिल्मी दुनिया में खामोश के डायलॉग से प्रसिद्ध अभिनेता और वर्तमान में सांसद शत्रुघ्न सिन्हा उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

बक्सर, 04 मार्च 2025
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com


## सुभाषितम्

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए। - रामायण

# यूरोपीय देशों ने दी यूक्रेन को 40000 करोड़ की मदद

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों सारे देश और दुनिया में चर्चा का विषय बने हुए हैं। ट्रंप जिस तरह से अमेरिका की नीतियों और यूरोपीय देशों की उपेक्षा करते हुए अपने व्यापारिक उद्देश्य को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं, उसके कारण अमेरिका और यूरोप के देशों में ट्रंप के खिलाफ रोष देखने को मिल रहा है। जिसका व्यापक असर अमेरिका के राज्यों और यूरोपीय देशों के बीच दिखना शुरू हो गया है। ट्रंप ने जिस तरह का व्यवहार यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ किया है, उसे यूरोप और नाटो देशों ने पसंद नहीं किया। अमेरिका से जेलेंसकी के लंदन लौटने के बाद ब्रिटेन में 27 देशों के प्रतिनिधि यूक्रेन के समर्थन में होने वाली बैठक में शामिल हुए। सभी देशों ने मिलकर युद्धग्रस्त यूक्रेन की सहायता करने के लिए 40000 करोड़ रुपए की तुरंत सहायता यूक्रेन को देने की घोषणा की। यूरोप और नाटो संगठन के देशों में प्रतिबंध के बाद रूस के लगभग 40000 करोड रुपए यूरोपीय देशों के पास जमा थे। उस पैसे को तुरंत यूक्रेन को मदद के रूप में देने का फैसला यूरोप के देशों ने किया। इसे एक ऐतिहासिक फैसला माना जा सकता है। यूरोप को अपनी सुरक्षा के लिए ऐसा निर्णय लेना पड़ा। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रोकने के लिए जिस तरह से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक तरफा शर्तें यूक्रेन के ऊपर लाद रहे थे, नाटो देशों को शांतिवार्ता में शामिल नहीं कर रहे थे, उसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया अंतरराष्ट्रीय जगत में देखने को मिली है। यूरोप के देश चाहते हैं, शांति प्रयासों में अमेरिका के साथ यूरोप के देशों को भी शामिल किया जाए। लंदन समिट में यूरोप के 44 देश के 24 नेता व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए थे। जो इस बात को पुख्ता करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा रूस और यूक्रेन के बीच में जो शांति स्थापित करने की कोशिश की जा रही है, उसके लिए जो शांति प्रस्ताव तैयार कर गुंडागर्दी की जा रही है, वह उसका विरोध करते हैं। पोलैंड के प्रधानमंत्री ने यहां तक कह दिया, 50 करोड़ यूरोपीय नागरिकों को हम अमेरिका के भरोसे नहीं छोड़ सकते हैं। 14 करोड़ रुसी, 50 करोड़ यूरोपीय नागरिकों पर जबरदस्ती नहीं कर सकते हैं। यूरोप के 44 देशों ने एकमत से प्रस्ताव पास किया है। वह रूस और अमेरिका के सामने सरेंडर नहीं करेंगे। अपनी लड़ाई खुद लड़ने में सक्षम हैं। यूरोप के देशों में रूस से ज्यादा गुस्सा अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर है। अमेरिका यूक्रेन और नाटो देशों के साथ जो समझौता हुआ था, उस समझौते से अमेरिका मुकर रहा है। जिसके कारण अब यूरोप के देश संगठित होकर यूक्रेन के साथ खड़े हो गए हैं। वैश्विक स्तर पर जो घटना देखने को मिल रही है। उसके बाद यही कहा जा सकता है, कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जल्द ही यूरोप और नाटो देशों के साथ वार्ता नहीं की, तो अमेरिका पूरी तरह से अलग-थलग पड़ सकता है। पिछले दो माह में जिस तरह के निर्णय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लिए हैं, उसके कारण अमेरिका के राज्यों में भी डोनाल्ड ट्रंप के प्रति विद्रोह शुरू हो गया है। एलन मस्क के खिलाफ अमेरिका में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। उप राष्ट्रपति बेंस के खिलाफ भी आंदोलन प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। ऐसी स्थिति में डोनाल्ड ट्रंप की राजनीतिक एवं प्रशासनिक स्थिति अमेरिका में कमजोर हो रही है। अमेरिका में यह आमराय बनती चली जा रही है, डोनाल्ड ट्रंप अपने मित्र एलन मस्क के साथ मिलकर व्यापारिक एजेंडा पूरा कर रहे हैं। जिसके कारण अमेरिकी हितों को नुकसान हो रहा है। ट्रंप ने जिस तरह से क्रिप्टो करेंसी को बढ़ावा देना शुरू किया है। उन्होंने खुद की क्रिप्टो केरंसी जारी की है। जिसके कारण अमेरिकी डॉलर के ऊपर सबसे ज्यादा प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। दुनिया भर के देश डॉलर का विकल्प ढूंढ रहे हैं। ऐसी स्थिति में आने वाले समय में अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप के लिए मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। यही कहा जा सकता है।

## चिंतन-मनन

### सफलता चाहिए तो पहले ये सीखें

किसी भी काम में लगन का अपना महत्व होता है, सफलता आपकी एकाग्रता पर ही निर्भर करती है। आप संसार को पाने की दौड़ में हो या परमात्मा को, जब तक हम ध्यान लगाकर काम नहीं करेंगे कभी ठीक परिणाम नहीं मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप पहले अपने मन को एकाग्र करें, फिर सफलता खुद आपको मिल जाएगी। एक बार की बात है। राजा एक बार युद्ध पर गया। शाम के समय युद्ध के बाद राजा अपने युद्ध के बाद शिविर से थोड़ी दूर जाकर एक वीरान स्थान पर ध्यान लगाकर बैठ गया ताकि उसे थोड़ी शांति मिल सके। अभी राजा नदी के किनारे पर बस ध्यान की मुद्रा में बैठा ही था। वहां से एक युवती दौड़ती हुई निकली, जिसका ध्यान उस ओर तक ना गया कि राजा बैठा है। ना जाने कहां जाने की जल्दी थी। वह राजा से टकराती हुई निकल गई। राजा का ध्यान भंग हो गया उसे बहुत गुस्सा आया। उसने तुरंत शिविर मैं लौटकर आदेश दिया। उस औरत को ढूंढ कर लाया जाए जिसने ये गुस्ताखी की है। उस युवती को इतना भी नहीं दिखा कि देश का राजा ध्यान में बैठा है और वह उसे कुचलती हुई चली जा रही है। सिपाही गए और थोड़ी ही देर में उस युवती को पकड़कर ले आए। राजा ने उस युवती से कहा- बदतमीज लड़की इतना भी नहीं जानती कि ध्यान में बैठे हुए व्यक्ति को इस तरह धक्का लगाकर उसका ध्यान भंग करना कितना बड़ा पाप है। उस युवती ने राजा को पहले ऊपर से नीचे तक देखा और कहा - आपको धक्का लगा जरूर होगा लेकिन मुझे याद नहीं। मैं अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी। मुझे कुछ नहीं पता कि आप कहां ध्यान लगा रहे थे लेकिन मुझे आश्चर्य होता है कि मैं तो अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी। मेरा ध्यान सिर्फ अपने प्रेमी से मिलने पर केंद्रित था। मुझे पता ही नहीं चला कि आप परमात्मा के ध्यान में बैठे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है।

**तुला** दिन शुभ है आपके लिए शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं।

**वृषभ** आज लाभ होगा। आपका दिन परिजनों के साथ अच्छा बीतेगा और आपको लाभ होगा।

**वृश्चिक** करियर में लाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश, कीर्ति की वृद्धि होगी।

**मिथुन** उच्चाधिकारियों की कृपा से बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी।

**धनु** आपका धन गृहोपयोगी वस्तुओं पर खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी।

**कर्क** आज लाभ के योग हैं। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति कराकर कोष की स्थिति बेहतर होगी।

**मकर** आज मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा बेहतर होगी।

**सिंह** आज लाभ का दिन है और आपको राजनीति के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी।

**कुंभ** आज करियर के मामले में लाभ होगा। भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है।

**कन्या** आज करियर में सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं।

**मीन** पास और दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी।

# यौन अत्याचारों के बढ़ने की त्रासदी पर लगाम लगे

-ललित गर्ग

यौन शोषण दुनिया के लिए बड़ी समस्या है, जो दुनिया भर में है। हालांकि कुछ देशों में महिलाएं अधिक असुरक्षित एवं यौन उत्पीड़न, शोषण एवं हिंसा की शिकार हैं, इनमें दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्वी यूरोप और कुछ लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों शामिल हैं, भारत की स्थिति भी बहुत ज्यादा अच्छी नहीं कहीं जा सकती। वेश्यावृत्ति के उद्देश्यों के लिए इन क्षेत्रों की तस्करी वाली महिलाओं को आम तौर पर तथाकथित विकसित दुनिया के देशों में ले जाया जाता है। महिलाओं को इसी त्रासदी से मुक्ति दिलाने के लिये ही दुनियाभर में 4 मार्च को यौन शोषण के विरुद्ध संघर्ष का विश्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं को यौन शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना है। दुनियाभर में महिलाओं और बच्चों के साथ रोजाना कई प्रकार के यौन शोषण के मामले सामने आते रहते हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि हर दिन औसतन आठ महिलाएं, लड़कियां और अक्सर युवा लड़कों का यौन शोषण किया जाता है।

यौन उत्पीड़न किसी भी प्रकार का अवांछित यौन प्रस्ताव, यौन पक्ष के लिए अनुरोध, यौन प्रकृति का मौखिक या शारीरिक आचरण या इशारा, या यौन प्रकृति का कोई अन्य व्यवहार है, जिसकी उचित रूप से अपेक्षा की जा सकती है या जिसे किसी अन्य के लिए अपमान या अपमान का कारण माना जा सकता है, जब ऐसा आचरण काम में बाधा डालता है, जो सहायता कर्मियों द्वारा साथी सहायता कर्मियों के विरुद्ध किया जाता है। यूनिसेफ ऐसे सभी प्रकार के यौन दुराचार, यौन उत्पीडन, अत्याचार और यौन हिंसा से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र यौन शोषण और यौन दुर्व्यवहार, यौन उत्पीड़न और बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के बीच अंतर करता है। यौन शोषण एक यौन प्रकृति का वास्तविक या धमकी भरा शारीरिक अतिक्रमण है, चाहे बलपूर्वक या असमान या बलपूर्वक परिस्थितियों में, सहायता कार्यकताओं द्वारा उन बच्चों और परिवारों के खिलाफ किया जाता है जिनकी हम सेवा करते हैं।

यौन उत्पीड़न समाज में हर जगह पसरा है, कार्यस्थल, शैक्षणिक संस्थान और घर से लेकर धार्मिक स्थलों में महिलाएं एवं बालिकाएं



असुरक्षित है। ग्रामीण इलाकों में 26 प्रतिशत महिलाएं, शहरी इलाकों में 21 प्रतिशत और उपनगरीय इलाकों में 18 प्रतिशत महिलाएं यौन उत्पीड़न की शिकार होती हैं। जो महिलाएं अपनी आय का मुख्य स्रोत टिप पर निर्भर रहती हैं, उनके यौन उत्पीड़न की संभावना दोगुनी होती है। कॉलेज के दो-तिहाई छात्र यौन उत्पीड़न का अनुभव करते हैं। 12-17 साल की उम्र के 1.6 प्रतिशत बच्चे बलात्कार या यौन उत्पीड़न के शिकार होते हैं। यौन उत्पीड़न का शिकार हुई चार किशोर बालिकाओं एवं बच्चों में से लगभग तीन यानी 74 प्रतिशत कोई ऐसी बालिका या बच्चे अपने ही किसी परिचित से हुए, जिसे वे अच्छी तरह से जानती थे। यौन शोषण कई तरह से किया जाता है, जैसे अवांछित यौन स्पर्श 49 प्रतिशत, साइबर यौन उत्पीड़न 40 प्रतिशत, अवांछित जननांग प्रदर्शन 30 प्रतिशत, शारीरिक रूप से पीछा किया जाना 27 प्रतिशत और यौन उत्पीड़न 23 प्रतिशत है।

यह दिवस देश एवं दुनिया में महिलाओं और बालिकाओं के साथ हो रहे यौन शोषण के मामलों पर लगाम लगाने के लिये जागरूकता की मुहिम है। इसका मुख्य उद्देश्य यौन शोषण और वेश्यावृत्ति में लिप्त महिलाओं को बचाकर उन्हें सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित करना भी है। महिलाओं एवं बालिकाओं पर बढ़ते यौन अत्याचारों को देखते हुए यह प्रतीत होता है कि इक्कीसवीं सदी का सफर करते हुए तमाम तरह के विकास के वायदे खोखले साबित हो रहे हैं। भारत के लिये निश्चित रूप से यह चिंताजनक है और हमारी विकास-नीतियों पर सवाल भी उठाती है। बड़ा सवाल तो तब खड़ा हुआ जब सुप्रीम कोर्ट में पेश आंकड़ों के मुताबिक 2016 में ही देश भर में करीब एक लाख बच्चे यौन अपराधों के शिकार हुए। कितनी विडम्बना है कि देश में हम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा बुलन्द करते हुए एक जोरदार मुहिम चला रहे हैं उस देश में लगातार बालिकाएं यौन शोषण का शिकार हो रही है। यह दाग एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प पर भी लगा है और यह दाग हमारे द्वारा नारी को पूजने की परम्परा पर भी लगा है। लेकिन प्रश्न है कि हम कब बेदाग होंगे? अच्छे भविष्य के लिए हम बेटियों की पढ़ाई से ही सबसे ज्यादा उम्मीदें बांधते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे हमारे संकल्प को बताते हैं, हमारी सदिच्छा को दिखाते हैं, भविष्य को लेकर हमारी सोच को जाहिर करते हैं, लेकिन वर्तमान की हकीकत इससे उलट है। वे पढ़ाई में अपने झंडे भले ही गाड़ दें, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने से रोकने की क्रूरताएं कई तरह की हैं। उसका मुख्य कारण है सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिकओ को भोग्या समझने की विकृत मानसिकता। बालिकाओं के साथ होने वाली त्रासद एवं अमानवीय घटनाएं -निर्भया कांड, नितीश कटारा हत्याकांड, प्रियदर्शनी मट्टू बलात्कार व हत्याकांड, जेसिका लाल हत्याकांड, रुचिका मेहरोत्रा आत्महत्या कांड, आरुषि मर्डर मिस्ट्री की घटनाओं में पिछले कुछ सालों में इंडिया ने कुछ और ऐसे मौके दिए जब अहसास हुआ कि भ्रूण में किसी तरह नारी अस्तित्व बच भी जाए तो दुनिया के पास उनके साथ और भी बहुत कुछ है बुरा करने के लिए। बहशी एवं दरिन्दे लोग ही बालिकाओं को नहीं नोचते, समाज के तथाकथित ठेकेदार कहे जाने वाले लोग और पंचायतें, तथाकथित राम-रहीम जैसे धर्मगुरु भी बालिकाओं की स्वतंत्रता एवं अस्मिता को कुचलने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं, स्वतंत्र भारत में यह कैसा समाज बन रहा है, जिसमें महिलाओं की आजादी छीनने की कोशिशें और उससे जुड़ी यौन उत्पीड़न एवं हिंसक की त्रासदीपूर्ण घटनाओं ने बार-बार हम सबको शर्मसार किया है।

# स्वस्थ भारत की ओर: मोदी की मुहिम से घटेगा मोटापा !

- सोनम लववंशी

एक स्वस्थ देश के निर्माण की राह में नागरिकों का मोटापा किस कदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चिंतित कर रहा है, इसकी बानगी हाल ही में आकाशवाणी पर माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में देखने को मिली। आंकड़ों पर गौर करें तो विश्व भर के 250 करोड़ लोग मोटापे से जूझ रहे हैं, जबकि भारत में हर आठवां व्यक्ति मोटापे का शिकार है। यह समस्या केवल बड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि अब बच्चों को भी अपने आगोश में ले रही है, और हाल के वर्षों में तो यह समस्या चार गुना तक बढ़ गई है। इसके कारण हृदय रोग, तनाव, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को आगाह किया और इससे बचने की सलाह दी। साथ ही, देशवासियों से खाने में तेल की खपत को 10 प्रतिशत घटाने का आग्रह किया। इस मुहिम के लिए दस नामी-गिरामी हस्तियों को अभियान से जोड़ा गया, जो मोटापे को समाप्त करने की श्रृंखला के प्रारंभिक व्यक्ति के तौर पर होंगे। इनमें उमर अब्दुल्ला, आनंद महिंद्रा, मनु भाकर, आर. माधवन, नंदन नीलेकणी, श्रेया घोषाल, निरहुआ, सुधा मूर्ति और मीरा बाई जैसी हस्तियां शामिल हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, मोटापा एक महामारी बन चुका है, जो हर साल 28 लाख वयस्कों की जान ले रहा है। भारत में करीब 10 करोड़ से ज्यादा लोग मोटापे से जूझ रहे हैं, जिनमें 12 प्रतिशत पुरुष और 40 प्रतिशत महिलाएं बेली फैट से परेशान हैं। आंकड़ों के अनुसार, स्थिति वाकई डराने वाली है। द लांसेट पत्रिका के अनुसार, भारत में 5 से 19 वर्ष के करीब 1.25 करोड़ बच्चे मोटापे के शिकार हैं, जबकि 1990 में यह संख्या मात्र 4 लाख थी। वयस्कों की स्थिति भी कम भयावह नहीं है। 2022 में 4.4 करोड़ महिलाएं और 2.6 करोड़ पुरुष मोटापे से ग्रस्त थे। ऐसे में यह विकास है या विनाश, यह तय करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल ओबेसिटी ऑब्जर्वेटरी के आंकड़े बताते हैं कि मोटापे से आर्थिक बोझ लगातार बढ़ रहा है। 2019 में जहां यह 2.4 लाख करोड़ रुपये था, वहीं 2030 तक यह 6.7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। यह दशार्ता है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या और विकराल रूप धारण कर सकती है।



भारत विकासशील देश से विकसित बनने की राह पर तेजी से अग्रसर है, लेकिन इसी रफ्तार में हमारा शरीर भी तेजी से फैलता जा रहा है। एक समय था जब तोंद को समृद्धि का प्रतीक माना जाता था, लेकिन अब डॉक्टर इसे बीमारी का घर बताते हैं। मोटापा आज केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं रही, बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बढ़ती समस्या को भांपते हुए इसे रोकने की ठानी और फिट इंडिया मूवमेंट जैसे अभियानों के माध्यम से पूरे देश को समझा रहे हैं कि स्वास्थ्य ही धन है। देखा जाए तो मोटापे की समस्या आधुनिक जीवनशैली की देन है। पहले भोजन खाने से पूर्व हाथ धोने की आदत थी, अब ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप चेक करना प्राथमिकता बन गया है। बच्चे खेल के मैदान में कम, मोबाइल स्क्रीन में ज्यादा व्यस्त रहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने देहरादून में राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन के दौरान भी मोटापे की समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की और फिटनेस को रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर हम रोजमर्रा की भागदौड़ में से थोड़ा समय निकालकर व्यायाम करें, तो कई बीमारियों से बच सकते हैं। इस पूरी मुहिम में खानपान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत का भोजन हमेशा से वैज्ञानिक रूप से संतुलित रहा है, लेकिन पिज्जा, बर्गर और इंस्टेंट नूडल्स की बढ़ती लोकप्रियता ने इसे हाशिए पर धकेल दिया है। जंक फूड की बढ़ती लत इस समस्या को और जटिल बना रही है। मोदी सरकार ने ईट राइट इंडिया अभियान को बढ़ावा देते हुए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है कि स्वस्थ खाना ही असली खाना है। प्रधानमंत्री मोदी की इस पहल को कई मशहूर हस्तियों का भी समर्थन मिला है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या हम केवल सोशल मीडिया पर फिटनेस चैलेंज स्वीकार करने तक सीमित रहेंगे, या फिर वास्तव में अपने शरीर को स्वस्थ रखने का प्रयास करेंगे?

सरकार चाहे जितने भी अभियान चला ले, जब तक आम जनता खुद स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देगी, तब तक मोटापे की समस्या बनी रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी की इस मुहिम का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है कि फिटनेस कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। मोटापे की समस्या केवल शरीर तक सीमित नहीं रहती, यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और कार्यक्षमता पर भी असर डालती है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम अपनी जीवनशैली में बदलाव लाएं, व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और संतुलित आहार अपनाएं। मोदी की इस मुहिम का उद्देश्य भारत को आर्थिक और शारीरिक रूप से मजबूत राष्ट्र बनाना है। लेकिन यह बदलाव तभी संभव होगा जब हम स्वस्थ भारत के सपने को सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी न मानें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। वरना, वह दिन दूर नहीं जब अस्पतालों में मोटापे से ग्रस्त लोगों की लंबी कतारें होंगी।

# पाकिस्तान की भांति बबार्दी की ओर बढ़ता बांग्लादेश

- ललित गर्ग

कहते है कि जब गीदड़ की मौत आती है तो वह शहर की तरफ भागता है भले ही यह एक मुहावरा है लेकिन बांग्लादेश पर खरा उतर रहा है, इसका मतलब है कि बांग्लादेश मुसीबत रूपी पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ा रहा है। 30 लाख बांग्लादेशी लोगों की हत्या करने वाला पाकिस्तान अब दोस्त बन गया है और हर तरह से मदद करने वाला भारत दुश्मन। बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढती नजदीकियां, बांग्लादेश का भारत विरोध और पाकिस्तान प्रेम इस मुल्क पर भारी पड़ सकता है और भारी पड़ रहा है। भले ही 54 सालों में पहली बार बांग्लादेश और पाकिस्तान सीधा कारोबार शुरू हुआ है। देखने वाली बात यह भी है कि पाकिस्तान और भारत के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं और व्यापार ठप्प है। ऐसे में इसका असर भारत पर नहीं पाकिस्तान पर जरूर पड़ा है और वहां की जनता त्राहि- त्राहि कर रही है। बांग्लादेश के लिए भारत जो मायने रखता है, उसकी भरपाई पाकिस्तान तो कतई नहीं कर सकता है। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण कहा जाएगा। भारत से पंगा बांग्लादेश को महंगा पड़ेगा। अब अगर बांग्लादेश ने तय ही कर लिया है कि भारत से संबंध खराब करने की हर कीमत चुकाने के लिए तैयार है तो कुछ भी कहना बेमानी है। जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान की राह पर चलने की ठान ही ली है, तो उनके दुष्परिणाम भी उसे ही भुगतने होंगे। बांग्लादेश के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, आम जनता पर दुःखों, परेशानियों एवं समस्याओं के पहाड़ टूटने लगे हैं। वहां जैसी आंतरिक गुटबाजी, प्रशासनिक शिथिलताएं, अराजकताएं और अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए सेना प्रमुख जनरल वकार उज-जमां ने सेना की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। उनका संकेत साफ है, यदि अंतरिम सरकार हालात को संभाल पाने में नाकाम रहती है, तो सेना मोर्चा संभालने को तैयार है। दरअसल, शेख हसीना की विदाई के साथ वहां जिस तरह से राजनीतिक अस्थिरता एवं अराजकता बढ़ी है, उसका नुकसान पूरे देश को हो रहा है। न सिर्फ निवेश पर प्रभाव पड़ा है, विदेशी संबंध भी चरमरा रहे हैं, आर्थिक गिरावट तेजी से बढ़ रही है। भारत जैसे देश के साथ सामान्य व्यापार और ढांचागत विकास संबंधी योजनाओं में भी रुकावटें पैदा हुई हैं। बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आ रहा है, उसका अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर भी ऐसा ही रवैया है, जिस बारे में वह भले ही अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका साफ है। बांग्लादेश से हाल ही में आई रिपोर्ट चिंताजनक हैं। चल रहे राजनीतिक संकट और राज्य पुलिस की गिरावट ने अल्पसंख्यक समुदायों, खासकर हिंदुओं पर लक्षित हमलों के लिए अनुकूल स्थिति पैदा कर दी है। 1947 से, हिंदू आबादी 30 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत से भी कम हो गई है।

## विशेष

### हे ! बसंत

- प्रो.(डॉ)शरद नारायण खरे

वन-उपवन में खिल रहा,मोहक रूप बसंत।
अनुरागी की बात क्या,तोड़ रहे तप संत।।

बहती है देखो हवा,हर कछार अलमस्त।
प्रेमभावमय बस्तियाँ,सभी हृदय हैं व्यस्त।।

अंतर्मन प्रमुदित हुए,आनंदित सब लोग।
अमराई बौरा रही,दूर हुए मन-रोग।।

मिलन आज गदरा रहा,घायल करें वियोग।
अब अनंग अंतस बसा,नेह लगाता भोग।।

राग-रंग पलने लगा,मौसम का आदेश।
फूली सरसों कह रही,रहो प्रीति-आवेश।।

मिलन-चेतना है प्रबल,टूटे संयम बंध।
गीत गा रही हर दिशा,नहीं दिलों में संध।।

देखो है उल्लासमय,मदन मारता मार।
बहका है हर जन यहाँ,है चंचल संसार।।

सबके दिल में प्रीति है,विहँस रहा श्रंगार।
सबके भीतर वेग है,जोशीले नर-नार।।

बागों के संदेश हैं, करना सबको प्यार।
तभी सुवासित हो सके,मन का आँगन-द्वार।।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1606 : फ्रांस नरेश हेनरी चतुर्थ ने विद्रोह दमन के लिए सूडान पर कब्जा किया. 1857 : इंग्लैंड फ्रांस युद्ध समाप्त हुआ . 1858 : कलकत्ता से 200 बंदियों को लेकर जे.पी.वाकर अंडमान बस्ती बसाने के लिए रवाना हुआ. 1908 : कोलिनवुड, ओहियो,अमेरिका में स्कूल में अग्निकांड से 6 बच्चों और शिक्षकों की मृत्यु. 1951 : प्रथम एशियाई खेलों का आयोजन हुआ. 1961 : भारत के प्रथम विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत ने कामकाज शुरू किया. 1970 : फ्रांसीसी पनडुब्बी भूमध्यसागर में 57 व्यक्तियों सहित लापता हुई. 1972 : सोवियत संघ ने लीबियाई तेल शोधन के लिए समझौता किया. 1977 : रोमानिया के कई शहरों में भूकंप से हजारों लोग मारे गए. 1990 : दक्षिण अफ्रीका के होमलैंड सिस्केई में एएनसी के समर्थकों ने सरकार का तख्ता पलट दिया. 1992 : काजूलू (तुर्की) में खान दुर्घटना में 0 श्रमिक मारे गए

## दैनिक पंचांग

**4 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**मंगलवार** 2025 वर्ष का 63 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पंचमी 15.17 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** भरणी 02.38 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** इन्द्र 02.07 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बालव 15.17 बजे तदनन्तर कौलव 02.02 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 04.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 06° 26'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872273
**जूलियन दिन** 2460738.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान **तारीख** 03
**विशेष** स्कंद षष्ठी।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.54 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मेष | 08.25 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 10.05 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 12.03 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 14.17 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.33 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.45 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.55 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.10 ब.से |
| | | धनु | 01.26 बजे से |
| | | मकर | 03.31 बजे से |
| | | कुंभ | 05.18 बजे से |

**राहुकाल** 3.00 से 4.30 बजे तक

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# गोल्ड के सस्ता होने की उम्मीदें धूमिल

## 88,000 के पार जा सकता है सोना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल की शुरुआत से अब तक सोने की कीमतों में 8,310 यानी 10.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 1 जनवरी को सोना 79,390 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था, जो अब बढ़कर 87,700 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट देखी गई, जो 2,100 गिरकर दो हफ्ते के निचले स्तर 96,400 प्रति किलो पर पहुंच गई। पिछले सेशन में चांदी 98,500 प्रति किलो पर बंद हुई थी। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सोने-चांदी में खरीदारी करे या नहीं एक्सपर्ट्स की मानें तो सोने की कीमतों में गिरावट की उम्मीदें धूमिल होती नजर आ रहीं है।

बता दें सोने की कीमतों में शुक्रवार, 28 फरवरी को गिरावट देखी गई, जो नवंबर के बाद से सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने के कारण सोने पर दबाव बना, क्योंकि निवेशक फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति के संकेतों के लिए अमेरिकी मुद्रास्फीति डेटा का इंतजार कर रहे थे।

**ग्लोबल मार्केट में फिर बढ़ी सोने की चमक-** बता दें सोने के भाव सोमवार को अमेरिकी डॉलर की कमजोरी और ग्लोबल ट्रेड वार की आशंकाओं के बीच बढ़ोतरी के साथ कारोबार कर रही हैं। स्पॉट गोल्ड 0.3 प्रतिशत बढ़कर 2,868.29 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स 1.1 प्रतिशत बढ़कर 2,880.70 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

**शुक्रवार को क्यों आई थी सोने में गिरावट-** मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वीपी कमोडिटीज राहुल कलंतरी ने लाइव मिंट से कहा, सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर गिरावट देखी गई, क्योंकि डॉलर इंडेक्स में मजबूती आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मैक्सिको और कनाडा पर नए टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो 4 मार्च यानी कल से लागू होंगे। इससे डॉलर को मजबूती मिली है, जिससे धातुओं की कीमतों पर दबाव बना है। कमोडिटी एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप ने चीन पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया है, जिससे अमेरिका में आयात पर कुल टैरिफ दर 20 प्रतिशत हो गई है। इससे बाजार की उम्मीदें खत्म हो गई हैं कि इन टैरिफ को टाल दिया जाएगा।

### रिकॉर्डों की झड़ी लगाने वाले गोल्ड की मार्च में ठंडी शुरुआत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फरवरी में रिकॉर्डों की झड़ी लगाने वाले सोने की मार्च में ठंडी शुरुआत हुई है। शादियों का यह सीजन अपने चरम पर है। इस बीच आज सोने-चांदी के भाव में गिरावट है। आज यानी सोमवार 3 मार्च को 24 कैरेट सोने के दाम में मामूली गिरावट नजर आ रहा है। आज सर्राफा बाजार में सोना महज 36 रुपये सस्ता होकर 85020 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। दूसरी ओर, चांदी 173 रुपये सस्ती होकर 93480 रुपये प्रति किलो के रेट से खुली। वहीं, एमसीएक्स पर सोने का 4 अप्रैल का वायदा भाव 0.55 पर्सेंट महंगा होकर 84682 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। जबकि, चांदी डेढ़ बजे के करीब 0.42 पर्सेंट ऊपर 94726 रुपये प्रति किलो पर थी। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास।

### 14 से 23 कैरेट गोल्ड के लेटेस्ट भाव

आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड की कीमत आज 36 रुपये टूटकर 84680 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। वहीं, 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव भी अब 33 रुपये सस्ता होकर 77878 रुपये पर आ गया है। 18 कैरेट का भाव भी 27 रुपये नीचे 63765 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 21 रुपये गिरकर 49737 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है।

**फरवरी में रिकॉर्डों की झड़ी-** अगर इस साल की बात करें तो 2025 में अब तक सोना 9280 रुपये और चांदी 7463 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ था। चांदी भी 86017 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

## मुकेश अंबानी की कंपनी पर लगाई गई 125 करोड़ रुपये की पेनाल्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड पर पेनाल्टी लगाई गई है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार कंपनी पर यह पेनाल्टी बैटरी प्लांट लगाने में असफल रहने पर लगाई है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोशिश है कि विदेशी इंपोर्ट्स में कटौती की जाए। बता दें, रिलायंस न्यूज एनर्जी लिमिटेड उन कुछ कंपनियों में से एक थी। जिन्होंने बैटरी सेल मैन्युफैक्चरिंग के लिए सफल बोली लगाई थी।

**125 करोड़ रुपये की पेनाल्टी लगाई गई-** पीएम मोदी की अगुवाई वाली सरकार की कोशिश है कि बैटरी सेल के मोर्चे पर लोकर प्रोडक्शन को बढ़ाया जाए। जिसके विदेशों पर निर्भरता कम हो। इसी को देखते हुए 2022 में सरकार ने बोलियां आमंत्रित की थी। जिसमें रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड ने सफल



बोली लगाई थी। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार लेकिन अब डेडलाइन मिस होने की वजह से 125 करोड़ रुपये की पेनाल्टी लगाई गई है।

**इस कंपनी पर भी लगी पेनाल्टी-** रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड अलावा राजेश एक्सपोर्ट्स लिमिटेड पर भी इतनी ही पेनाल्टी लगाई गई है। कंपनी को एंडवांस केमेस्ट्री सेल प्रोग्राम के लिए पेनाल्टी लगाई है। बता दें, इन कंपनियों की तरफ से अभी तक कोई भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों पर 125 करोड़ रुपये की पेनाल्टी कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन डेडलाइन तक काम पूरा ना करना दर्शाता है कि मार्केट के डायनेमिक्स में बदलाव हो रहा है।

## पेट्रोल हुआ सस्ता, डीजल की कीमतों में भी बदलाव

**नई दिल्ली**, एजेंसी। सप्ताह के पहले दिन, सोमवार को कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.06 प्रतिशत गिरकर 70.33 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि ब्रेंट क्रूड 74.43 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर बना रहा। इसके असर से भारत के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल के दाम बदले हैं—कुछ जगहों पर ईंधन महंगा हुआ है, तो कुछ शहरों में कीमतों में राहत मिली है।




**इन शहरों में महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल-** नोएडा-ग्रेटर नोएडा – पेट्रोल 94.98 (+21 पैसे), डीजल 88.13 (+24 पैसे) गुरुग्राम – पेट्रोल 95.04 (+13 पैसे), डीजल 87.90 (+13 पैसे) लखनऊ – पेट्रोल 94.69 (+11 पैसे), डीजल 87.81 (+13 पैसे) आगरा – पेट्रोल 94.48 (+2 पैसे), डीजल 87.54 (+2 पैसे) चेन्नई – पेट्रोल 100.90 (+10 पैसे), डीजल 92.49 (+10 पैसे)

## ठंडे मार्केट में भी गर्मी दिखा रहे एसी बनाने वाली कंपनियों के शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस मार्च में भीषण गर्मी पड़ने की आशंका के चलते एसी बनाने वाली कंपनियों के शेयर के भाव उबलने लगे हैं। आज गिरावट भरे बाजार में भी टाटा की कंपनी वोल्टास के शेयर 2.66 पर्सेंट चढ़ चुके हैं। दूसरी ओर ब्लू स्टार में भी 1.62 पर्सेंट की तेजी है। जॉनसन कंट्रोल भी हरे निशान पर है। वोल्टॉस के शेयर आज 1347.15 रुपये पर ओपन हुए और 1336.10 रुपये के दिन के निचले स्तर तक फिसलने के बाद छलांग लगाते हुए 1373 रुपये के लेवल का टच कर गए। 5 सत्रों में यह 4.60 पर्सेंट चढ़ चुका है और पिछले एक महीने में सवा चार फिसद टूटा है। यह स्टॉक भी छह महीने में 26 पर्सेंट लुढ़का है। इसका 52 हफ्ते का हाई 1944.90 रुपये और लो 1023.95 रुपये है। एसी बनाने वाला दूसरा बड़ा ब्रांड ब्लू स्टार के शेयर भी आज ठंडे बाजार में भी गरम हैं। आज ब्लू स्टार के शेयरों में गर्मी है। 1937.40 रुपये पर खुलने के बाद ये दिन के हाई 1975 रुपये तक पहुंच गए। हालांकि, एक समय 1909.55 रुपये के दिन के निचले स्तर को टच करने को भी मजबूर हुए। सुबह सवा 11 बजे के करीब ब्लू स्टार के शेयर 2.78 पर्सेंट की तेजी के साथ 1971 रुपये पर थे। इसका 52 हफ्ते का ळझ्रठ 2417 और लो 1222.40 रुपये है।

### जॉनसन कंट्रोल इंडिया

अगर एसी उद्योग से जुड़े एक अन्य स्टॉक जॉनसन कंट्रोल इंडिया की बात करें तो आज यह बढ़त के साथ 1630 रुपये पर खुला और 1654.85 रुपये के डे हाई पर पहुंच गया। बाद में 1617.05 रुपये तक फिसल गया और दोपहर 12 बजे के करीब 0.53 पर्सेंट ऊपर 1631.70 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसका 52 हफ्ते का हाई 2620.10 रुपये और लो 951.35 रुपये है। जॉनसन कंट्रोल इंडिया पिछले 5 दिनों में महज 0.07 पर्सेंट चढ़ा है। जबकि, पिछले एक महीने में 4.19 पर्सेंट गिरा है। अगर पिछले छह महीने के इसके प्रदर्शन को देखें तो इसने करीब 25 पर्सेंट का निगेटिव रिटर्न दिया है।

### अंबर एंटरप्राइजेज इंडिया

हालांकि, अंबर एंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड के शेयर दो पर्सेंट से अधिक टूटकर 5504 रुपये आसपास ट्रेड कर रहे थे। आज 5630 रुपये पर खुले और देखते ही देखते 5810 रुपये के इंट्राडे हाई के बाद फिसल गए। इसका 52 हफ्ते का हाई 8177 रुपये और लो 2992.50 रुपये है। पांच सत्रों में यह करीब 8 फीसद टूटा है। एक महीने में इसने 15 पर्सेंट से अधिक का निगेटिव रिटर्न दिया है। जबकि, पिछले छह महीने में 23 फीसद से अधिक चढ़ा है। इस साल अबतक 28 फीसद से अधिक टूटा है।

## माधुबी पुरी बुच मामले में सेबी और बीएसई पहुंचे बॉम्बे हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एंटी करप्शन ब्यूरो कोर्ट ने पूर्व सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और अन्य प्रमुख लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। अब इस आदेश के आने के बाद मार्केट रेगुलेटर सेबी कानूनी कदम उठाने जा रहा है। रविवार को जारी किए गए बयान में कहा है कि एंटी करप्शन ब्यूरो कोर्ट ने 1994 में बीएसई में लिस्ट हुई कंपनी के क थित अनिमियतता के मामले में जो आदेश किया है उसके जवाब में कानूनी मदद ली जाएगी। इस पूरे प्रकरण में मार्केट रेगुलेटर ने कहा कि वह तय नियमों को मानने के लिए प्रतिबद्ध है। अब इस मामले में बीएसई और सेबी बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंच गए हैं। कोर्ट 4 मार्च को इस याचिक पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। तब तक कोर्ट ने एफआईआर रजिस्टर्ड ना करने का मौखिक आदेश दे दिया है। बता दें, शनिवार को कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि पूर्व सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच, पूर्व बीएसई चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल और बीएसई एमडी एंड सीईओ सुंदरम् राममूर्ति सहित अन्य तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाए।



### सेबी ने क्या कुछ कहा

मार्केट रेगुलेटर ने अपने बयान में कहा है कि ये अधिकारी उस समय (1994) अपनी पोस्ट पर भी नहीं थे। सेबी ने कहा, कोर्ट ने बिना नोटिस जारी किए या सेबी को तथ्य प्रस्तुत करने का मौका दिए बगैर ये अनुमति दे दी

### बीएसई ने क्या कुछ रहा है

बीएसई ने अपने प्रेस रिलीज में कहा है कि कोर्ट पेपर्स में काल्स रिफाइनरीज का नाम सामने आया है। कंपनी की लिस्टिंग 1994 में हुई थी। एक्सचेंज ने अपने बयान में कहा है, जिन अधिकारियों का नाम है वो सभी कंपनी की लिस्टिंग के दौरान चिन्हित पद पर नहीं थे।

और कंपनियों के साथ भी नहीं जुड़े थे। बीएसई ने इस पूरे एप्लीकेशन को छोटा और दुख पहुंचाने वाला करार दिया है। बीएसई ने आगे अपने बयान में कहा कि बिना किसी नोटिस और तथ्यों के प्रस्तुत करने का मौका दिए बगैर इस एप्लीकेशन की अनुमति दे दी गई। बीएसई आवश्यक कानूनी कदम उठाने जा रहा है।

## बाजार में गिरावट के बाद भी बंद न करें एसआईपी, चक्रवृद्धि ब्याज की शक्ति में रखें भरोसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में गिरावट लगातार जारी है। सेंसेक्स और निफ्टी 27 सितंबर, 2024 के बाद से अब तक क्रमशः 14.86 फीसदी और 15.80 फीसदी टूट चुके हैं। ऐसे में सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड में पैसा लगाने वाले निवेशकों के बीच यह सवाल उठने लगा है कि क्या उन्हें अपना निवेश जारी रखना चाहिए या बंद कर देना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि गिरते बाजार के कारण एसआईपी बंद नहीं करना चाहिए। जो निवेशक चक्रवृद्धि ब्याज की शक्ति में भरोसा करते हैं, उन्हें बाजार में गिरावट को अवसर मानकर लंबी अवधि में अच्छा रिटर्न पाने के लिए अपना निवेश बढ़ा देना चाहिए।




**निवेश के मूल्यांकन का उचित समय-** निवेश सलाहकार स्वीटी मनोज जैन का कहना है कि एसआईपी निवेश का सिर्फ एक तरीका है। आखिरकार, आपका पैसा किसी फंड में जाता है, इसलिए बाजार में गिरावट के बीच यह मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण हो जाता है कि आपने सही फंड में निवेश किया है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम क्षमता के अनुरूप है।

### ऐसे समझें गणित

बाजार में गिरावट के दौरान निवेशकों को अधिक संख्या में म्यूचुअल फंड यूनिट मिलते हैं, जिससे उनकी औसत लागत घट जाती है। बाजार में जब सुधार होता है, तो निवेशकों को एकतरफा तेजी वाले बाजार की तुलना में अधिक रिटर्न मिलता है। उदाहरण...अगर कोई निवेशक हर महीने 10,000 रुपये का एसआईपी करता है, तो 20 साल में 10 फीसदी रिटर्न के हिसाब से उसके पास 76 लाख से ज्यादा का फंड जमा होगा। बाजार में सुधार के दौरान रिटर्न बढ़कर 15 फीसदी होने पर 10,000 रुपये का यही मासिक निवेश 20 साल में बढ़कर 1.51 करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा।

## 19 प्रतिशत भर चुका है आईपीओ, अभी दो दिन मिलेगा दांव लगाने का मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस समय बाजार की स्थिति बहुत खराब चल रही है। ऐसे में ज्यादातर कंपनियां आईपीओ लाने से बच रही हैं। लेकिन इस कठिन माहौल में भी बालाजी फॉस्फेट्स का आईपीओ ओपन है। जिस पर दांव लगाने का आखिरी दो मौका बचा है। बता दें, कंपनी के आईपीओ का साइज 50.11 करोड़ रुपये का है। आईपीओ के जरिए कंपनी 59.40 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। वहीं, ऑफर फार सेल के तहत कंपनी 12.18 लाख शेयर जारी करके 8.53 करोड़ रुपये जुटाने का प्रयास करेगी।

यह आईपीओ 28 फरवरी को खुला था। निवेशकों के पास आईपीओ पर दांव लगाने के लिए 4 मार्च तक का मौका है। दांव लगाने वाले निवेशकों को शेयरों का अलॉटमेंट 5 मार्च को किया जा सकता है। वहीं, कंपनी की लिस्टिंग 7 मार्च को प्रस्तावित है।




### क्या है प्राइस बैंड

बालाजी फॉस्फेट्स आईपीओ का प्राइस बैंड 66 रुपये से 70 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने 2000 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 1,32,000 रुपये का दांव लगाना होगा।

### एक दिन में 19 प्रतिशत हुआ सब्सक्राइब

इस आईपीओ को पहले दिन 19 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला है। रिटेल कैटगरी में आईपीओ 22 प्रतिशत सब्सक्राइब किया गया। क्यूआईबी कैटगरी में आईपीओ को जीरो गुना सब्सक्राइब किया गया। वहीं, एनआईआई कैटगरी में आईपीओ को 27 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला है। कंपनी का आईपीओ एंकर निवेशकों के लिए 27 फरवरी को खुला था। एंकर निवेशकों के जरिए कंपनी ने 4 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बता दें, कंपनी ने अरिहंत कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया था। वहीं, स्काई लाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार नियुक्त किया है। इस कंपनी के प्रमोटर आलोक गुप्ता और मोहित एरेन हैं। बता दें, ग्रे मार्केट में कंपनी की स्थिति अच्छी नहीं है। ग्रे मार्केट में स्टॉक जीरो रुपये पर ट्रेड कर रहा है।



# इन आसान हैक्स से चुटकियों में चमकेगा आपका घर

हम सभी अपने घर को साफ-सुथरा रखना चाहते हैं। लेकिन, घर में जमी गंदगी को साफ करना आसान नहीं होता है। फ्रिज में जमी गंदगी हो या फिर खिड़कियों की गंदगी, घर के कई कोने ऐसे होते हैं, जहां गंदगी आसानी से जम जाती है। लेकिन, उसे साफ करने में काफी मुश्किल आती है। लेकिन जरा सोचिए! अगर यहां हम आपको कुछ ऐसे आसान हैक्स के बारे में बताएं, जिनकी मदद से आप चुटकियों में, घर की कुछ खास चीजों और जगहों को आसानी से साफ कर पाएंगी, तो कितना अच्छा रहेगा। जी हां, गंदा फ्रिज हो, फर्श हो या फिर खिड़कियां, कुछ आसान हैक्स आपका टाइम और पैसा दोनों बचा सकते हैं। चलिए आपको बताते हैं।

## गंदे फ्रिज को इस आसान तरीके से करें साफ


फ्रिज के गंदे रबड़ और दरवाजे को साफ करने के लिए, आपको एक कटोरी में गर्म पानी लेना है। अब इसमें सफेद सिरका और लिक्विड डिश सोप डालें। इसमें किसी सॉफ्ट रुमाल, स्पॉंज या फिर तौलिये को डुबाएं। जब कपड़ा, पानी को अच्छे से सोख लें तो इससे फ्रिज के दरवाजे, रबर और अंदर की रैक को भी आप आसानी से साफ कर सकती हैं। ऐसा करते वक्त फ्रिज की पॉवर ऑफ कर दें। सफाई करने के बाद, कुछ देर के लिए, आप फ्रिज को खुला छोड़ दें।

## गंदे खिड़की-दरवाजों को ऐसे करें साफ

कांच के खिड़की-दरवाजे देखने में बेशक बहुत खूबसूरत लगते हैं। लेकिन, इन्हें साफ करना भी उतना ही मुश्किल होता है। यहां हम आपको एक आसान स्प्रे के बारे में बता रहे हैं। इसकी मदद से आप आसानी से खिड़की-दरवाजों को साफ कर पाएंगे। एक स्प्रे बोतल में एक चम्मच विनेगर, लिक्विड डिटर्जेंट और थोड़ा पानी लें। अब इसे कांच के खिड़की-दरवाजों पर स्प्रे करें और फिर स्पॉंज की मदद से गिलास को रगड़ें। इसके बाद टिश्यू पेपर, वेट वाइप्स या तौलिये की मदद से आप इसे साफ करें।

## बाथरूम के फर्श को कैसे करें साफ

बाथरूम का फर्श जल्दी गंदा, स्मैली और चिकना हो जाता है। इसे भी आप एक आसान घरेलू नुस्खे की मदद से साफ कर सकती हैं। एक कटोरी में आधा कप बेकिंग सोडा और चौथाई कप नींबू का रस मिलाएं। इसका एक पेस्ट बना लें इसे स्क्रबर की मदद से फर्श पर लगाकर लगभग आधे घंटे के लिए छोड़ दें। इससे फर्श की चिकनाई, बदबू और गंदगी तीनों ही दूर होंगे और बाथरूम का फर्श साफ हो जाएगा।



# सावधानी सुरक्षा का सबसे अहम कदम है

**सर्वेक्षण साबित करते हैं कि महिलाएं सार्वजनिक स्थानों पर कम भीड़ होने, सुनसान या अंधेरा रास्ता होने, ट्रेन की बोगी या बस में कम यात्री होने, रास्ता अनजान होने, नशीले पदार्थों की बिक्री के स्थानों के आसपास डर महसूस करती हैं।**

बसों, ट्रेनों आदि में महिलाओं के साथ छेड़खानी, यौन उत्पीड़न के मामले रोज़ाना सामने आते हैं। इनसे निपटने के लिए सुरक्षा उपकरण लगाए जाने, निगरानी के लिए कैमरे तथा मदद के लिए हेल्पलाइन नंबरों की व्यवस्था के सुझाव हैं और कई शहरों में इन पर अमल भी किया जा रहा है। लेकिन यह जानते हुए कि अपराधी अपनी परवरिश, अपने माहौल और अपनी सोच का शिकार होता है, उससे बचाव करना बेहतर उपाय है। आत्मरक्षा के पैंतरे सीखने के साथ-साथ चंद उपकरणों को साथ रखना अक्लमंदी होगी।

घर से बाहर निकलना और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करना लाज़मी है। कुछ सावधानियां ज़रूर अपनाई जा सकती हैं जिनकी मदद से स्वयं को सुरक्षित रखा जा सकता है।

## शुरुआत सही तरह से करें

- अगर समय अधिक हो गया है और आप कहीं दूर या अनजान जगह जा रही हैं तो किसी को अपने साथ ज़रूर रखें। भले ही वह लड़का हो या लड़की क्योंकि इससे आपको साथ मिल जाएगा और विषम परिस्थिति के लिए आपकी शक्ति भी बढ़ जाएगी।
- अकेले जाना पड़े तो सुनसान के बजाय ऐसे रास्ते का चुनाव करें जहां पर चहल-पहल रहती हो।
- होस्टल में या अकेले रहने वाली लड़कियों को रात के खाने के बाद टहलने के लिए बाहर जाने या भले घर के पास ही, लेकिन सड़क पर फोन करते हुए टहलने से गुरेज़ करना चाहिए।
- अपने मन की आवाज़ यानी गट फीलिंग को नज़रअंदाज़ न करें। अगर आपको लग रहा है कि कोई आपका पीछा कर रहा है तो जल्दी से जल्दी भीड़ के बीच चली जाएं या किसी दुकान या मॉल में जाकर मदद के लिए फोन करें।
- आप जहां कार पार्क करने वाली हैं, वो जगह अंधेरी है, तो वहां कार न खड़ी करें।

## सावधानी बरतना है ज़रूरी

- अमूमन महिलाओं की फोन पर बात करने की आदत होती है, विशेषकर तब जब वे अकेली हों। भले ही ऐसा करने पर आपको साथ की अनुभूति हो पर आपका ध्यान आस-पास की गतिविधियों से हट जाता है।
- फोन का इस्तेमाल न करने पर आपका ध्यान न सिर्फ़ आस-पास के लोगों पर पूरी तरह से रहता है बल्कि किसी हलचल को भी आसानी से महसूस कर सकती हैं व अपने आप को सुरक्षित रखने के प्रयास कर सकती हैं।

## सुरक्षा के लिए जरूरी है तैयारी

- किसी भी विषम परिस्थिति में अपनी सुरक्षा के लिए अपने पर्स में पेपर स्प्रे, शॉक लॉकेट, मिर्च पाउडर जैसी आत्मरक्षा की चीज़ें ज़रूर रखें।
- इसके अलावा फोन में महिला हेल्पलाइन (1090) और पुलिस हेल्पलाइन नंबर भी सेव करके रखें जिससे आवश्यकता पड़ने पर तुरंत डायल किया जा सके।
- कुछ आत्मरक्षा की तकनीक भी सीख सकती हैं। जैसे- जो व्यक्ति पीछा कर रहा है उसकी नाक, आंखों, घुटने या प्राइवेट पार्ट पर वार करके अपने आपको विषम परिस्थिति से बचा सकती हैं।
- अगर हमलावर चेहरा ढके हुए है या टोपी पहने है, तो उस पर हमला करके उसका नक़ाब हटा दें। पहचान ज़ाहिर होने पर अपराधी स्वयं डर जाता है।

## मदद मांगने से ना कतराएं

- तनिक भी अंदेशा लगे कि कोई आपका पीछा कर रहा है या आप किसी ख़तरे में हैं तो आस-पास के लोगों से मदद मांगें। लोग भी आपकी मदद तब ही करेंगे जब आप उनसे मांगेंगी। इसलिए अपने आस-पास के लोगों को अपनी समस्या बताकर उनसे मदद मांग सकती हैं।
- अगर आपके पास भीड़ है तो आप चिल्ला भी सकती हैं। अगर आप अपने लिए क़दम उठाती हैं तो लोग आपकी मदद के लिए आगे आ ही जाते हैं।





# घर पर लगा रहे हैं हर्बल प्लांट्स तो ऐसी होनी चाहिए मिट्टी

**घर में हमें कई तरह के हर्ब्स की हर दिन जरूरत पड़ती है। ऐसे में अगर आप अपने घर में हर्बल प्लांट लगा रहे हैं और उसकी अच्छी ग्रोथ होते हुए देखना चाहते हैं तो आपको उसकी मिट्टी पर भी ध्यान देना चाहिए।**

आज के समय में हम सभी अपने घर में प्लांटिंग करना पसंद करते हैं और हम ऐसे प्लांट्स को घर में जगह देना पसंद करते हैं, जिन्हें रोजमर्रा में इस्तेमाल भी किया जा सके। इस लिहाज से हर्ब्स को घर में उगाना एकदम सही विचार है। अपनी किचन में हमें हर दिन कई तरह के हर्ब्स की जरूरत होती है। ये बहुत अधिक स्पेस भी नहीं लेते हैं तो आप अपने किचन गार्डन में ही हर्ब्स भी उगा सकते हैं। हालांकि, जब आप अपने घर में हर्ब्स लगा रहे हैं तो आपको सही मिट्टी का चयन करना भी बेहद जरूरी है। अगर मिट्टी उस हर्ब्स की जरूरतों को पूरा नहीं करती हैं तो इससे ना केवल उनके लिए ग्रोथ करना मुश्किल हो जाता है, बल्कि पौधा सूख भी सकता है। दरअसल, जब आप घर में हर्ब्स लगाते हैं तो आपको मिट्टी की कुछ क्वालिटीज का खास ख्याल रखना चाहिए। यूं तो आप कई तरह की मिट्टी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## ड्रेनेज सिस्टम हो बेहतर

जब भी आप अपने घर में हर्ब्स को उगाएं तो आपको यह जरूर सुनिश्चित करना चाहिए कि मिट्टी ऐसी होनी चाहिए, जिसका ड्रेनेज सिस्टम अच्छा हो। अगर ऐसा नहीं होता है तो पौधे में पानी अधिक समय तक यूं ही रह जाएगा, जिससे पौधे की जड़ों के सड़ने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए, हमेशा मिट्टी का अच्छा जल निकासी होना बहुत ही जरूरी है, ताकि पानी जमा न हो।

## पोषक तत्वों से हो भरपूर

जिस तरह अन्य पौधों को बढ़ने के लिए पोषक तत्वों की जरूरत होती है, ठीक उसी तरह हर्ब्स की मिट्टी में भी पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होने आवश्यक है। कोशिश करें कि मिट्टी में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटेशियम जैसे पोषक तत्वों के अलावा सूक्ष्म पोषक तत्व भी जरूर हों। आप चाहें तो मिट्टी को बेहतर बनाने के लिए उसमें उर्वरक को भी मिला सकते हैं।

## पीएच लेवल पर दें ध्यान

जब भी आप अपने घर में हर्ब्स उगाएं तो आपको मिट्टी के पीएच लेवल का भी खास ख्याल रखना चाहिए। हमेशा ध्यान रखें कि 6 से 7 के बीच के पीएच स्तर वाली मिट्टी हर्बल पौधों के लिए अच्छी मानी जाती है। इससे उनकी ग्रोथ अच्छी होती है। हालांकि, कुछ हर्ब्स अधिक अम्लीय या क्षारीय मिट्टी में भी विकसित हो सकते हैं, इसलिए किसी भी हर्ब को मिट्टी में लगाने से पहले एक बार उनकी जरूरतों को समझ लें।

## हल्की हो मिट्टी

यह भी एक जरूरी टिप है, जिसका आपको ध्यान रखना चाहिए। हमेशा कोशिश करें कि आपके हर्बल प्लांट की मिट्टी हल्की हो। इससे मिट्टी में एरिएशन बेहतर होता है और प्लांट की बेहतर ग्रोथ होती है। इतना ही नहीं, मिट्टी के हल्की और मुलायम होने के कारण हर्बल प्लांट की जड़ों के लिए फैलाव भी अधिक आसान हो जाता है।





# आप खुद के लिए भी खरीदें ऑनलाइन बेस्ट सनग्लासेस

**सनग्लासेस खरीदने के कई फायदे होते हैं। सबसे पहले तो जब आप सनग्लासेस पहनती हैं तो ना केवल आप अपनी आंखों को सनप्रोटेक्शन प्रदान करती हैं, बल्कि आंखों में किसी भी तरह की गंदगी व कीट-पंतगे आदि के जाने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। इतना ही नहीं, इससे आपका लुक भी काफी अच्छा लगता है। कुछ महिलाएं तो अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए सनग्लासेस पहनना काफी पसंद करती हैं। हालांकि, सनग्लासेस से आपको एक अच्छा लुक तभी मिलता है, जब आप अपने अनुसार सही सनग्लासेस का चयन किया हो।**

अगर आप मार्केट जाकर सनग्लासेस खरीदती हैं तो शायद शॉपिंग करते समय आपसे कोई गड़बड़ ना हो, लेकिन अगर आप ऑनलाइन सनग्लासेस खरीदना चाहती हैं तो गलती होने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप ऑनलाइन भी खुद के लिए बेस्ट सनग्लासेस खरीद सकती हैं-

## फ्रेम का साइज

जब आप ऑनलाइन सनग्लासेस खरीद रही हैं तो आपको सबसे पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप फ्रेम के सही साइज को सलेक्ट कर रही है। अगर चश्मा आप पर फिट नहीं होगा तो इससे आपका लुक भी अच्छा नहीं लगेगा। साथ ही साथ इसे पहनने पर आपको कंफर्टेबल भी फील नहीं होगा। यह कुछ ऐसा ही है, जैसा कि गलत साइज के कपड़ों को पहनने पर होता है। ध्यान रखें कि सनग्लासेस के फ्रेम का आकार आपके चेहरे के आकार के लगभग बराबर होना चाहिए। छोटे चेहरे वाले लोगों के लिए छोटे फ्रेम बेहतर होते हैं और बड़े चेहरे वाले लोगों पर बड़े फ्रेम अच्छे लगते हैं।

## फेस शेप पर दें ध्यान

आपने नोटिस किया होगा कि मार्केट में कई तरह के सनग्लासेस आपको देखने में अच्छे लगते हैं, लेकिन जब आप उन्हें पहनते हैं तो वह अच्छा नहीं लगता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हर व्यक्ति का फेस शेप अलग होता है। यही नियम ऑनलाइन सनग्लासेस खरीदते समय ध्यान में रखना चाहिए। हमेशा अपने फेस शेप के अनुसार सनग्लासेस के शेप को सलेक्ट करें। सही फ्रेम आपके चेहरे को हाइलाइट करेगा और खामियों को छिपाएगा। संक्षेप में, सही फ्रेम आपके लुक को बढ़ाएगा।

## फ्रेम के मैटीरियल पर करें फोकस

जब आप ऑनलाइन सनग्लासेस खरीद रही हैं तो आपको फ्रेम के मैटीरियल पर भी पर्याप्त ध्यान देना चाहिए। दरअसल, फ्रेम का मैटीरियल आपके कंफर्ट के लिए बेहद आवश्यक है। आप अपने फ्रेम मैटीरियल के रूप में नायलॉन, टाइटेनियम, पॉली कार्बोनेट, या यहां तक कि प्लास्टिक आदि का विकल्प चुन सकती हैं।

## लेंस मैटीरियल भी है अहम

फ्रेम के मैटीरियल के अलावा लेंस का मैटीरियल भी उतना ही अहम है। इन दिनों लेंस मैटीरियल में भी कई ऑप्शन अवेलेबल हैं। मसलन, ऑप्टिकल ग्लास लेंस पॉलिश और चिकने होते हैं। यह मैटीरियल स्क्रैच फ्री होते हैं और बहुत ही ड्यूरेबल होते हैं। हालांकि, वे बेहद महंगे होते हैं और इसलिए बहुत से लोग इसे नहीं खरीदते हैं। इसी तरह, एक्रेलिक लेंस अधिक सस्ते होते हैं और यदि आप कम पैसे खर्च करके एक क्लीयर लेंस को खरीदना चाहते हैं तो यह एक अच्छा विकल्प हैं।

## सनग्लासेस और यूवी प्रोटेक्शन

ऑनलाइन सनग्लासेस खरीदते समय इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए। ऐसे सनग्लासेस को खरीदना चाहिए, जो आपको यूवीए और यूवीबी किरणों से प्रोटेक्शन प्रदान करे। इसलिए, जब भी आप ऑनलाइन सनग्लासेस खरीद रही हैं तो उसके डिस्क्रिप्शन को अवश्य पढ़ें। इस तरह आपके लिए सही सनग्लासेस खरीदना अधिक आसान हो जाएगा।

# चैंपियंस ट्रॉफी : विराट कोहली ने रोनाल्डो स्टाइल में मनाया जश्न, फैंस हुए क्रेजी



**दुबई, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी में न्युजीलैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में विराट कोहली दुबई के मैदान पर फील्डिंग करते हुए खूब मजे लेते दिखे। भारतीय टीम जब पहली पारी में 249 रन बनाकर फील्डिंग कर रही थी, तभी विराट मस्ती के मूड में दिखे। उन्हें दर्शकों ने मशहूर फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह सेलिब्रेशन मनाते हुए देखा गया। कोहली ने न्यूजीलैंड पारी के 8वें ओवर के दौरान यह सेलिब्रेशन मनाया जब रचिन रवींद्र की जल्द विकेट गिरने के बाद विल यंग और केन विलियमसन पारी को संभाल रहे थे। कोहली और रोनाल्डो सोशल मीडिया साइट्स पर सबसे ज्यादा फॉलो होने वाले एथलीट्स में से एक है। रोनाल्डो के इंस्टाग्राम पर जहां 650 मिलियन फॉलोअर्स हैं तो वहीं, विराट के 270 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वह भारत के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति भी हैं। विराट कोहली जहां इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सिर्फ सचिन तेंदुलकर और कुमार संगाकारा से ही पीछे हैं तो वहीं, रोनाल्डो के नाम पर सबसे ज्यादा क्लब गोल का रिकॉर्ड है। विराट पहले ही क्रिस्टियानो को अपना फेवरेट फुटबॉलर मानते आए हैं। साल 2019 में उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि मैंने रोनाल्डो नाज़ारियो, रोनाल्डिन्हो, ओलिवर काह्न, लुका मोड्रिक, एंड्रेस इनिएस्ता, ज़ावी, लियोनेल मेस्सी और रोनाल्डो के प्रदर्शन का आनंद लिया। मेरे लिए क्रिस्टियानो हर किसी से पहले है। वह दृढ़ निश्चयी हैं और उनका काम किसी से पीछे नहीं है। वह सफलता चाहता है, आप इसे हर खेल में देख सकते हैं।

कोहली ने कहा कि रोनाल्डो। मुझे लगता है कि उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और उन्होंने उन सभी को पार कर लिया है। वह अब तक देखे गए खिलाड़ियों में सबसे पूर्ण हैं और उनकी कार्य नीति, जैसा कि आपने पहले कहा, किसी से पीछे नहीं है। वह बहुत से लोगों को प्रेरित करते हैं। बहुत से लोग ऐसा नहीं करते हैं। वह एक नेता भी हैं और मैं उन्हें पसंद करता हूं।

# वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा मोहम्मद शमी का यह बड़ा रिकॉर्ड, चैंपियंस ट्रॉफी में फाइफर लेने वाले दूसरे उम्रदराज गेंदबाज बने



**दुबई, एजेंसी।** भारतीय टीम के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आखिरी लीग मैच में मौका दिया गया और उन्होंने क्या गेंदबाजी की। वरुण की गेंदबाजी को कीवी बल्लेबाज समझ ही नहीं पाए और उन्होंने 5 विकेट लेकर भारतीय टीम को 44 रन से जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। वरुण को उनकी इस घातक गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। यही नहीं उन्होंने इस गेंदबाजी के दम पर मोहम्मद शमी के इस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

## वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा शमी का रिकॉर्ड

वरुण चक्रवर्ती ने कीवी टीम के खिलाफ 10 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट लिए और वो चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तरफ से बेस्ट गेंदबाजी करने वाले दूसरे बॉलर बने। वरुण ने शमी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने इस टूर्नामेंट में भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ 53 रन देकर 5 विकेट लिए थे, लेकिन अब वो तीसरे नंबर पर चले गए जबकि 42 रन देकर 5 विकेट लेने वाले वरुण दूसरे नंबर पर आ गए। इस लिस्ट में रविंद्र जडेजा पहले स्थान पर हैं जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 36 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

## चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए बेस्ट गेंदबाजी

5/36 - रविंद्र जडेजा बनाम वेस्टइंडीज
5/42 - वरुण चक्रवर्ती बनाम न्यूजीलैंड
5/53 - मोहम्मद शमी बनाम बांग्लादेश
4/38 - सचिन तेंदुलकर बनाम ऑस्ट्रेलिया
4/45 - जहीर खान बनाम जिम्बाब्वे

# 6 मार्च से हरिद्वार में शुरू होगा युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप का महासंग्राम

**हरिद्वार, एजेंसी।** अपनी तरह का पहला कबड्डी टूर्नामेंट युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप 6 मार्च 2025 से वंदना कटारिया इंडोर स्टेडियम हरिद्वार में शुरू होने जा रहा है। इस चैंपियनशिप के दौरान प्रतिदिन चार मुकाबले होंगे जबकि ग्रैंड फिनाले 4 अप्रैल को खेला जाएगा।

युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने वाले इस मंच के बारे में बताते हुए युवा कबड्डी सीरीज के सीईओ विकास गौतम ने कहा, यह टूर्नामेंट सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ियों की टक्कर वाला ऐसा प्रारूप होने वाला है, जैसा कबड्डी के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। 30 दिनों तक लगातार होने वाले इन रोमांचक मुकाबलों में देश भर के युवा सितारे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते नजर आएंगे। चर्चा को बढ़ाते हुए उन्होंने आगे कहा कि, युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप हमारे और युवा खिलाड़ियों के लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। यह युवा कबड्डी को एक नए मुकाम तक ले जाने का पहला कदम है और इसमें सम्मिलित होने वाले सभी प्रतिभागियों को मैं



उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं।इस टूर्नामेंट में 12 टीमें खिताब के लिए एक दूसरे के आमने-सामने नजर आएंगी। दिसंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच खेले गए 11वें युवा कबड्डी सीरीज संस्करण से 6 टीमें इस चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। डिवीजन 1 के विजेता पलानी टस्कर्स इस चुनौती की अगुवाई करेंगे, जबकि सोनीपत स्पार्टन्स (रनर-अप) और कुरुक्षेत्र वॉरियर्स (तीसरा स्थान) भी अपनी दावेदारी पेश करते नजर आएंगे।डिवीजन 2 से यूपी फाल्कन्स (चैंपियन) और चंडीगढ़ चार्जर्स (रनर-अप) भी इस लीग का हिस्सा रहेंगे, वहीं डिवीजन 3 के विजेता वास्को वाइपर्स भी इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। इन 6 क्वालीफाई टीमों के अलावा 6 इनविटेशनल यूथ टीमें भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी, जिनके नाम जल्द घोषित किए जाएंगे।

# केकेआर ने सीजन के लिए किया नई थ्री स्टार जर्सी का अनावरण




**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन के लिए अपनी नई जर्सी का अनावरण किया है। सोमवार को जारी इस जर्सी में एक खास बदलाव किया गया है - इसमें तीन सितारे जोड़े गए हैं, जो टीम की तीन आईपीएल खिताबी जीत (2012, 2014, 2024) का प्रतीक हैं। केकेआर ने जर्सी लॉन्च के लिए एक खास वीडियो जारी किया। इस वीडियो में रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, रमणदीप सिंह, मनीष पांडे, वैभव अरोड़ा, अनुकूल रॉय, मयंक मार्कंडे और लवनीथ सिसोदिया नई जर्सी पहने दिख रहे हैं। टीम के लोगो के ऊपर तीसरे स्टार के अलावा इस बार जर्सी में एक और खासियत जोड़ी गई है। टीम की जर्सी की बांह पर एक सुनहरा आईपीएल बैज भी होगा, जो मौजूदा चैंपियन के सम्मान में 2025 सीजन से जोड़ा गया है। थ्री-एज्ड स्टार थीम पर बनी इस नई जर्सी को बिक्री के लिए भी लॉन्च किया गया है। प्रशंसक इसे नाइट क्लब (केकेआर का आधिकारिक ऐप), वेबसाइट और सोशल मीडिया चैनलों से खरीद सकते हैं।केकेआर ने 3 मार्च (03/03) को नई बैंगनी और सुनहरी जर्सी लॉन्च करने का खास दिन चुना।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केएल राहुल की होगी छुट्टी ! ऋषभ पंत को मिलेगा मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी ।**भले ही बांग्लादेश के खिलाफ केएल राहुल ने फील्डर ऑफ द मैच का मेडल जीता, लेकिन यह विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी फॉर्म को बरकरार नहीं रख सका. न्यूजीलैंड के खिलाफ केएल राहुल से कई गलतियां हुई. केएल राहुल की गलतियों ने कप्तान रोहित शर्मा और टीम मैनेजमेंट की परेशानी बढ़ा दी है. इस टूर्नामेंट के लिए केएल राहुल को फर्स्ट च्वॉइस विकेटकीपर के तौर पर चुना गया. जबकि ऋषभ पंत को बैकअप के तौर पर रखा गया है. अब सवाल है कि क्या भारतीय टीम मैनेजमेंट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में केएल राहुल के साथ उतरेगी या फिर ऋषभ पंत का रूख करेगी?



न्यूजीलैंड के खिलाफ केएल राहुल ने सबसे पहले केन विलियमसन का कैच छोड़ा. उस समय केन विलियमसन महज 1 रन बनाकर खेल रहे थे. इसके बाद केन विलियमसन 81 रन बनाकर पवैलियन लौटे. न्यूजीलैंड की पारी के 26वें ओवर में केएल राहुल से फिर बड़ी गलती हो गई. कुलदीप यादव की गेंद पर टॉम लेथम की बैट का एज लगा, लेकिन केएल राहुल कैच पकड़ने में नाकाम रहे. वहीं, केएल राहुल के कैच छोड़ने के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का रिएक्शन देखने लायक था. रोहित शर्मा बेहद उदास नजर आए.

केएल राहुल की गलतियों का सिलसिला यहीं नहीं रूका... न्यूजीलैंड की इनिंग के 35वें ओवर में रवींद्र जडेजा की गेंद पर फिर से केन विलियमसन का कैच छोड़ा. दरअसल, भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तो जीत गई, लेकिन अगर इन गलतियों को दुरूस्त नहीं किया गया तो नॉकआउट मैचों में परेशानी का सबब बन सकता है. दरअसल, ऐसा माना जाता है कि इस समय भारतीय सपोर्ट स्टाफ और कप्तान का भरोसा केएल राहुल के साथ है, लेकिन इसके बावजूद अगर ऋषभ पंत जैसे विकल्प बेंच पर बैठे हैं तो विचार किया जा सकता है. बहरहाल, यह देखना मजेदार होगा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में कप्तान और टीम मैनेजमेंट का फैसला क्या होता है?

## सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में तेलंगाना और दिल्ली की जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** डिवीजन बी के पूल ए में तेलंगाना ने असम पर 3-1 से जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की । दिन के दूसरे डिवीजन बी मैच में दिल्ली ने हिमाचल को 1-0 से हराया ।तेलंगाना और दिल्ली ने रविवार को हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन डिवीजन बी में जीत दर्ज की जबकि दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव ने भी डिवीजन सी के अपने मैच जीते । डिवीजन बी के पूल ए में तेलंगाना ने असम पर 3-1 से जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की । दिन के दूसरे डिवीजन बी मैच में दिल्ली ने हिमाचल को 1-0 से हराया । डिवीजन बी में दिन का आखिरी मैच छत्तीसगढ़ और चंडीगढ़ के बीच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ ।



# भारत के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया का स्टार ओपनर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, ये खिलाड़ी लेगा टीम में जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की टीम चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में है. मगर वहां पहुंचने के बाद उसे एक बड़ा झटका लगा है. टीम के स्टार ओपनर मैथ्यू शॉर्ट को टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है. शॉर्ट के बाहर होने की वजह उन्हें लगी चोट हैं. ऑस्ट्रेलिया ने टीम में ऑलराउंडर की भूमिका निभाने वाले मैथ्यू शॉर्ट को युवा कूपर कोनोली से रिप्लेस किया है. शॉन मार्श की तरह बनने का इरादा रखने वाले कूपर भी बल्लेबाज होने के साथ-साथ शॉर्ट की ही तरह गेंद को टर्न कराने में भी माहिर हैं.

मैथ्यू शॉर्ट को चोट अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में फील्डिंग करते हुए लगी थी, जिसके चलते उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होना पड़ा है. कप्तान स्टीव स्मिथ ने प्राइम वीडियो को बताया कि शॉर्ट सही से मूव भी नहीं कर पा रहे थे. हमें लगा था कि मुकाबले के बीच में मिले ब्रेक में वो रिकवर कर जाएंगे. मगर ऐसा नहीं हुआ.

मैथ्यू शॉर्ट ने ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत में अहम भूमिका निभाई थी. उस मैच में उन्होंने 66 गेंदों में 63 रन की पारी खेली थी. उसके अलावा शॉर्ट ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में 15 गेंदों में 20 रन बनाए थे. इस तरह उन्होंने टूर्नामेंट के 2 मैचों में 83 रन बनाए.

21 साल के कूपर कोनोली की ऑस्ट्रेलियाई टीम में एंट्री पर ढ्ढष्टष्ट की टेक्निकल कमेटी की तरफ से मुहर लग चुकी है. कूपर टीम के ट्रेवलिंग रिजर्व का हिस्सा थे. कूपर कोनोली ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था. उन्होंने अब तक सिर्फ 3 वनडे खेले हैं, जिसमें 10 रन बनाने के अलावा उनका कुछ खास योगदान नहीं है.

कूपर कोनोली सोमवार को यानी सेमीफाइनल मुकाबले से पहले टीम से जुड़ जाएंगे. उनके बतौर ओपनर सेमीफाइनल में खेलने के भी कयास लग रहे हैं. हालांकि टीम के पास जैक फ्रेजर जैसे ओपनर पहले से ही हैं मगर कूपर के खेलने की बड़ी वजह उनकी लेफ्ट आर्म स्पिन होगी, जो की शॉर्ट की ही तरह टीम को गेंदबाजी का एक विकल्प देने का काम करेंगे.

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग 11 में कोई बदलाव न करे टीम इंडिया: शास्त्री

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री का मानना है कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में बिना किसी बदलाव के विजयी टीम के साथ उतरना चाहिए। उन्होंने इसका कारण यह बताया कि टीम ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ 44 रन की जीत के दौरान दुबई की परिस्थितियों का अच्छा अनुभव लिया है। भारत ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को 44 रन से हराकर मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई है। यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। खास बात यह है कि 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 50 ओवर के किसी भी आईसीसी नॉकआउट मुकाबले में यह पहली भिड़ंत हो रही है। उस मैच में भारत को अहमदाबाद में हार का सामना करना पड़ा था। शास्त्री ने



आईसीसी के इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मुझे लगता है कि टीम में कोई बदलाव नहीं करना चाहिए क्योंकि अगले मैच के लिए केवल 48 घंटे का समय है। पिच पर खिलाड़ियों के दौड़ने से असर पड़ा है और वही पिच अगले मैच में इस्तेमाल होगी। ऐसे में स्पिनरों की भूमिका फिर से अहम रहेगी।

रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच में भारत ने दुबई की धीमी पिच को देखते हुए चार स्पिनरों - रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती - को खिलाया था। इन चारों ने कुल मिलाकर 9 विकेट लिए, जिसमें चक्रवर्ती सबसे सफल रहे। उन्होंने 10 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट लिए, जो इस टूर्नामेंट में अब तक का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है।शास्त्री ने सही समय पर चक्रवर्ती को मौका देने के लिए टीम मैनेजमेंट की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, अगर आप उनकी मौजूदा फॉर्म देखें, तो यह शानदार है। मैं हमेशा मानता हूं कि वर्तमान फॉर्म सबसे महत्वपूर्ण होती है। उनका आत्मविश्वास और बॉडी लैंग्वेज बेहतरीन है। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें इस टूर्नामेंट में बनी हुई हैं, लेकिन इनमें से किसी ने भी चक्रवर्ती को ज्यादा खेला नहीं है और न ही उन पर ज्यादा अध्ययन किया है।

उन्होंने आगे कहा, उनका प्रदर्शन मुझे बहुत प्रभावित कर रहा है। टीम मैनेजमेंट ने सही समय पर उन पर भरोसा दिखाया। वह बीच के ओवरों में विकेट निकालने वाले गेंदबाज हैं और अब जब उन्हें मौका मिला, तो उन्होंने पांच विकेट झटके। मुझे लगता है कि अब वह टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। शास्त्री ने यह भी कहा कि दुबई की पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 240-250 का स्कोर बनाना सेमीफाइनल में जीत की कुंजी हो सकता है। उन्होंने कहा, अगर आप पहले बल्लेबाजी करते हैं और 240-250 से ज्यादा रन बना लेते हैं, तो यह इतने बड़े मुकाबले में काफी चुनौतीपूर्ण लक्ष्य होगा।

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण



# जुड़वा बच्चे चाहती हैं कियारा

## बच्चों में चाहती हैं करीना कपूर की ये खूबियां



कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं, जिससे प्रशंसक और सेलेब्स सभी खुश हैं। कियारा का एक पुराना वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अपने जुड़वा बच्चों की चाहत के साथ ही उनमें खास खूबियों के बारे में बताती नजर आ रही हैं। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। शुक्रवार को इस कपल ने घोषणा की कि वे अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। इस खुशखबरी को पाकर प्रशंसक बेहद खुश हैं और साथ ही कई सेलेब्स उन्हें इस खुशखबरी के लिए लगातार बधाई दे रहे हैं, जिसमें आलिया भट्ट से लेकर करण जौहर, शिल्पा शेट्टी, करीना कपूर खान के अलावा कई सेलेब्स शामिल हैं।

हाल ही में कियारा का एक पुराना इंटरव्यू सामने आया है जिसमें वह हेल्दी और जुड़वा बच्चों का बात करती नजर आ रही हैं। कियारा की प्रेग्रेंसी की घोषणा के बाद अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जब कियारा से पूछा गया कि अगर उनके जुड़वा बच्चे हों तो वह दो लड़कियां, दो लड़के या दोनों में से एक लड़का और एक लड़की चाहेंगी।

इस सवाल के जवाब में कियारा ने कहा, मैं बस दो स्वस्थ बच्चे चाहती हूं, जो भगवान मुझे दे। करीना कपूर ने कहा कि यह मिस यूनिवर्स के जवाब जैसा लग रहा है। कियारा ने कहा कि वह एक लड़की और एक लड़का चाहती हैं। जब उनसे पूछा गया कि करीना के कौन सी क्वालिटी वह अपनी बेटी में देखना चाहेंगी, तो कियारा ने कहा, उनका कॉन्फिडेंस, उनके एक्सप्रेशन, और उनका औरा, उनकी सारी खूबियां क्योंकि वह 10 में से 10 हैं। यह इंटरव्यू कियारा, करीना, अक्षय कुमार और दिलजीत दोसांझ की फिल्म गुड न्यूज के प्रमोशन के दौरान कै है।

## क्या टीवी सीरियल नागिन के सातवें सीजन में नजर आने वाली हैं अविका गौर?



**एकता** कपूर के धारावाहिक नागिन के सातवें सीजन में अभिनय को लेकर अभिनेत्री अविका गौर का नाम सामने आ रहा है। इन अटकलों पर एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक सवाल करके इस बात पर चुप्पी तोड़ी है। अभिनेत्री को नहीं है जानकारी

टेलीविजन शो के चर्चित धारावाहिक बालिका वधू की अभिनेत्री अविका गौर अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। नागिन 7 में अभिनय को लेकर एक्ट्रेस की काफी चर्चा हो रही है। इस बारे में अविका ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर किया है, जिसमें उन्होंने मजाकिया अंदाज में सवाल किया कि वह नागिन सीरियल के सातवें सीजन में आने वाली हैं। क्या यह सही है? तो इसकी जानकारी उन्हें क्यों नहीं है।

### एकता कपूर ने की नागिन 7 की घोषणा

हाल ही में निर्माता एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने नागिन के सातवें सीजन को लेकर घोषणा की थी।



## छावा ने तीसरे रविवार को इन फिल्मों को पछाड़ा

| | |
|---|---|
| छावा | 23.05 करोड़ रुपये |
| स्त्री 2 | 22 करोड़ रुपये |
| बाहुबली 2 | 17.75 करोड़ रुपये |
| गदर 2 | 16.1 करोड़ रुपये |
| जवान | 13.9 करोड़ रुपये |
| दंगल | 13.68 करोड़ रुपये |
| एनिमल | 13.5 करोड़ रुपये |
| पठान | 12.6 करोड़ रुपये |
| तान्हाजी | 12.5 करोड़ रुपये |
| पीके | 11.5 करोड़ रुपये |

तीसरे रविवार छावा ने तोड़ा

# 10 फिल्मों का रिकॉर्ड, जवान और बाहुबली को भी पछाड़ा

**विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना द्वारा अभिनीत पीरियड ड्रामा फिल्म छावा 14 फरवरी 20525 को रिलीज हुई थी। फिल्म को रिलीज हुए पूरे 17 दिन हो गए हैं। तीसरे रविवार को छावा ने पूरी 10 फिल्मों के कलेक्शन को पछाड़ दिया है।**

**विक्की** कौशल और रश्मिका मंदाना की फिल्म छावा का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन लगातार बढ़ता जा रहा है। छावा ने पहले दिन 31 करोड़ रुपये की कमाई से खाता खोला था। 15वें दिन फिल्म ने 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा आसानी से पार कर लिया था। वहीं अब तीसरे रविवार को फिल्म छावा ने शाहरुख खान की जवान और पठान समेत 10 फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

### 17वें दिन का कलेक्शन

लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित फिल्म छावा का आज सिनेमाघरों में तीसरा रविवार रहा। ह्यइ्ष्ठुद्बद्यद्म के अनुसार, छावा ने आज 17वें दिन बॉक्स ऑफिस पर 23.05 करोड़ रुपये की कमाई की।

### फिल्म का अब तक का कुल कलेक्शन

पहले दिन फिल्म ने 31 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। वहीं पहले हफ्ते फिल्म ने 219.25 करोड़ रुपये और दूसरे हफ्ते 180.25 करोड़ रुपये की दमदार कमाई की। तीसरे शुक्रवार को फिल्म ने 13 करोड़ रुपये और तीसरे शनिवार को 22 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। वहीं आज तीसरे रविवार को छावा ने 23.05 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। अब तक विक्की कौशल की फिल्म छावा ने कुल 457.55 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। छावा की लगातार कमाई के हिसाब से वह दिन दूर नहीं जब यह फिल्म 500 करोड़ कल्ब में शामिल हो जाएगी।

### तीसरे रविवार को छावा ने इन 10 फिल्मों को पछाड़ा

इसके अलावा, जिन फिल्मों के तीसरे रविवार ने सबसे ज्यादा कमाई का रिकॉर्ड बनाया है। आज छावा ने तोड़ा है उन सभी फिल्मों का रिकॉर्ड। इससे पहले तीसरे रविवार को स्त्री 2 ने 22 करोड़ रुपये। बाहुबली 2 ने 17.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने 16.1 करोड़ रुपये की कमाई की थी। वहीं शाहरुख खान की जवान ने तीसरे रविवार को 13.9 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। आमिर खान की दंगल ने 13.68 करोड़ रुपये और रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने 13.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं दीपिका पादुकोण और एसआरके कि फिल्म पठान ने 12.6 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। तान्हाजी ने 12.5 करोड़ रुपये और आमिर खान की पीके ने 11.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इन सभी फिल्मों में अभी तक तीसरे रविवार को छावा का कलेक्शन सबसे ज्यादा रहा है।

### छावा में इन अभिनेताओं ने निभाया है ये खास किरदार

विक्की कौशल ने फिल्म छावा में छत्रपती संभाजी महाराज की भूमिका निभाई है, जो मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे बड़े बेटे थे। वहीं अक्षय खन्ना ने औरंगजेब की भूमिका निभाई है। रश्मिका मंदाना ने महारानी येसुबाई का किरदार निभाया है। इस फिल्म में आशुतोष राणा ने हंबीरराव मोहिते, दिव्या दत्ता ने राजमाता और विनीत कुमार सिंह ने कवी कलश का किरदार निभाया है।



# दीपिका कक्कड़ ने बीच में छोड़ा 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ'

**कुछ** दिन पहले ही टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने कुकिंग रियालिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' बीच में ही छोड़ दिया। इसकी वजह उन्होंने अपने हेल्थ इश्यूज को बताया। लेकिन सोशल मीडिया पर एक अलग ही कहानी सुनने को मिल रही है, वहां पर दीपिका को काफी ट्रोल भी किया जा रहा है। एक लंबे गैप के बाद टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने छोटे पर्दे पर वापसी की। वह कुकिंग रियालिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में नजर आईं, अपने कुकिंग का टैलेंट भी दर्शकों को दिखाया। लेकिन अचानक कुछ दिन पहले ही दीपिका कक्कड़ ने कुकिंग रियालिटी शो छोड़ दिया। शो छोड़ने का जो कारण दीपिका ने बताया है, उस पर कुछ सोशल मीडिया यूजर्स को भरोसा नहीं है। वह दीपिका को झूठ बोलकर शो छोड़ने के लिए ट्रोल कर रहे हैं।

**शो छोड़ने के बाद भी ट्रोलिंग का शिकार :** पिछले दिनों टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने यह कहकर 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' शो बीच में छोड़ दिया कि उनके हाथों में काफी दर्द है और वह शो में आगे हिस्सा नहीं ले सकती हैं। शो से बाहर आने के बाद दीपिका अपने पति शोएब इब्राहिम के साथ वैकेशन पर भी निकल गईं। साथ ही वह अपने बच्चे की भी अच्छी केयर करती दिखीं। ये सभी वीडियो सोशल मीडिया पर भी पोस्ट हुए। ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स ने दीपिका को ट्रोल किया कि वह झूठ बोलकर शो से बाहर आई हैं। वह आसानी से हाथों में कैमरा उठा रही हैं और व्लॉगिंग कर रही हैं।

**पहले भी ट्रोल हुई हैं दीपिका कक्कड़:** सेलिब्रिटी मास्टरशेफ शो के दौरान भी दीपिका को ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा था। दरअसल, उन्होंने शो में रोते हुए खुद को होममेकर, होम कुक बताया और इसे अपनी पहचान का अहम हिस्सा माना। दीपिका का यह रोना-धोना देख सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें ट्रोल कर दिया।

अनुपम खेर ने की

# सिकंदर खेर और बहनों की खूब तारीफ, बोले- आप पर गर्व है

**अभिनेता अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वह अपने बेटे सिकंदर खेर के साथ ही चचेरी बहनों की भी तारीफ करते नजर आए। अनुपम ने इंस्टाग्राम पर अपनी चचेरी बहनों प्रियंका, भावना और बेटे सिकंदर की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने कैप्शन में तीनों की तारीफ करते हुए एक लंबा नोट भी लिखा। उन्होंने यह भी बताया कि भावना हाल ही में रिलीज हुई नेटफ्लिक्स टाइटल 'डब्बा कार्टेल' की लेखिका हैं।**



**अनुपम** खेर ने लिखा, कभी-कभी छोटी-छोटी यादें हमारे दिल के बड़े हिस्से को कवर कर लेती हैं! डियर सिकंदर, प्रियंका और भावना! कुछ दिन पहले हमारे घर पर आप सभी को एक साथ देखकर बहुत अच्छा लगा। बचपन से ही आपको साथ-साथ बढ़ते देखा है! जो लोग नहीं जानते, उनको बता दूं कि प्रियंका और भावना मेरी छोटी बहनें हैं। (हम चचेरे भाई-बहन शब्द का इस्तेमाल नहीं करते हैं) मुझे आप तीनों पर बहुत गर्व है। इसके साथ ही उन्होंने बेटे की तारीफ करते हुए आगे कहा, सिकंदर! मुझे एक अभिनेता के रूप में आपकी पसंद, पसंद है। यह एक अभिनेता के रूप में आपकी भावना को भी दिखाता है। उन्होंने आगे उल्लेख किया, प्रियंका! मुझे आपका वह जुनून पसंद है जिसके साथ आप ब्रेकथ्रू ट्रस्ट में मुख्य रणनीतिक भागीदारी और संचार अधिकारी के रूप में अपना काम करती हैं और प्यारी भावना आप एक विज्ञापन एजेंसी के क्रिएटिव डायरेक्टर से लेकर नेटफ्लिक्स पर नंबर वन डब्बा कार्टेल सीरीज के लेखक तक का आपका ग्राफ बहुत ही सराहनीय है! मैं आप तीनों से बहुत प्रेरित हूं। हो सकता है कि बचपन की तस्वीर डालने पर आप मुझे पसंद ना करें, लेकिन यही तो जिंदगी है। उन्होंने लिखा, भगवान आपको दुनिया की सारी खुशियां दे। आप हमेशा एक-दूसरे से ऐसे ही प्यार करते रहें और मुझे आपकी प्रतिभा और क्षमताओं से मेल खाने के लिए तैयार रखें! आपको प्यार और आशीर्वाद! हमेशा जवानी में आपका! अनुपम। जल्द ही खेर फैमिली के अन्य अचीवर्स के बारे में लिखूंगा।



# जान्हवी और राम चरण 'आरसी 16' के अगले शेड्यूल के लिये तैयार!

### इस शहर में कर सकते हैं शूटिंग

**बॉलीवुड** अभिनेत्री जान्हवी कपूर साउथ इंडियन अभिनेता राम चरण के साथ आगामी फिल्म 'आरसी 16' में व्यस्त हैं। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में पहले ही शुरू हो चुकी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनो अब फिल्म के अगले शेड्यूल के लिए कमर कस रहे हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक राम चरण और जान्हवी की फिल्म का अगला शेड्यूल कथित तौर पर नई दिल्ली में होने वाला है। हालांकि, फिल्म की टीम या अभिनेताओं की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई हैं। इसे लेकर सिर्फ अटकलें लगाई जा रही हैं। एआर रहमान इस फिल्म के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं। फिल्म के रिलीज की तारीख अभी तक तय नहीं हुई है।

जावेद अख्तर बोले-

# 'दूसरी परेशानी मोल लूंगा', मानहानि केस में कंगना से हुई सुलह

**हाल** ही में जावेद अख्तर और कंगना रनौत के बीच मानहानि का एक मामला सुलझ गया है। दोनों के बीच इस मामले को लेकर सुलह हो चुकी है। इसी मुद्दे पर जावेद अख्तर ने दोबारा बात की और अपने विचार साझा किए।

लगभग पांच साल पहले जावेद अख्तर ने कंगना रनौत पर मानहानि का केस किया था। शुक्रवार को इस केस को लेकर उनके बीच सुलह हो गई। दोनों इस मामले को लेकर अदालत में पेश हुए थे। इस मामले को लेकर जावेद अख्तर ने विस्तार से बात की।



**कंगना ने माफी मांग ली**

हाल ही में कंगना के साथ जो मामला सुलझा है, उस पर राइटर जावेद अख्तर ने अपना रिएक्शन दिया है। वह कहते हैं, 'मैंने पैसे तो मांगे नहीं थे, बस मांफी चाहिए थी। कंगना ने अपने शब्द वापस ले लिए हैं, वह आगे से ऐसी बात नहीं दोहराएंगी।'



**आगे की योजना भी बता दी:** जब जावेद अख्तर से पूछा गया कि क्या वह इस मामले के सुलझने से खुश हैं तो उनका कहना था- 'नहीं, अब देखता हूं। कोई दूसरी परेशानी मोल लूंगा।' यह बात मजाकिया अंदाज में जावेद अख्तर ने कही। जावेद अख्तर अकसर ही मुखर होकर अपनी बातें सोशल मीडिया पर या मीडिया के बीच में कहते हैं। वह अपने बेबाक अंदाज के लिए भी दर्शकों के बीच जाने जाते हैं।

शुक्रवार को कंगना ने ही सोशल मीडिया पोस्ट करके इस बात की जानकारी दी थी कि जावेद अख्तर के साथ लीगल मामला सुलझ गया है। कंगना ने लिखा- 'आज मैंने और जावेद जी ने मानहानि से जुड़े अपने कानूनी मामले को लेकर सुलह कर ली है। हमने मध्यस्थता के जरिए मामला सुलझा लिया है। जावेद जी बेहद दयालु हैं और शानदार इंसान हैं। वे मेरी अगली फिल्म के गाने लिखने को भी राजी हैं।'

# जान्हवी संग फैन ने किया मिसबिहेव

कई बार फैंस हद पाकर करके कुछ ऐसा कर देते हैं कि सेलिब्रिटी, बॉलीवुड स्टार्स को भी बुरा फील होता है। हाल ही में जान्हवी कपूर के साथ भी ऐसा ही एक वाक्या हुआ। एक्ट्रेस के साथ एक फैन ने मिसबिहेव किया। फैन के इस बर्ताव को सोशल मीडिया यूजर्स ने भी क्रिटिसाइज कर दिया। कुछ महीनों पहले एयरपोर्ट पर करीना कपूर खान के साथ फोटो लेने के लिए फैंस ने उन्हें घेर लिया था, उनके साथ काफी मिसबिहेव किया। ऐसा ही सिचुएशन का सामना अब जान्हवी कपूर को करना पड़ा। एक फैन ने फोटो खिंचवाने के लिए एक्ट्रेस के साथ खराब बिहेव किया।

**➢ जब फैंस ने जबरदस्ती मास्क उतार दिया**

हाल ही में मुंबई में जान्हवी कपूर नजर आईं। कुछ फैंस ने उन्हें देखा, वे लोग जान्हवी के साथ फोटो खिंचवाना चाहते थे। ऐसी ही एक फैन ने जान्हवी के साथ फोटो क्लिक करवाने के लिए उनका मास्क उतारने की कोशिश की। अचानक यह देख जान्हवी पीछे हो गईं और खुद ही अपना मास्क उतारकर फोटो क्लिक करवाया। फिर वह आगे बढ़ गईं।

**➢ सोशल मीडिया यूजर्स ने किया रिएक्ट**

जब जान्हवी कपूर का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो यूजर्स का कहना था कि फैंस को एक्ट्रेस की प्राइवेसी का सम्माना करना चाहिए। सोशल मीडिया यूजर्स का यह भी मानना है कि कुछ लोगों को बिल्कुल भी तमीज नहीं होती है। एक यूजर का कहना था कि आप किसी सेलिब्रिटी को जानते लेकिन वह आपको नहीं जानता है,ऐसे में थोड़ा तो अच्छे से बिहेव करना चाहिए।



साभार एजेंसी